卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः । आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् । वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 115 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦30 जनवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## बर्फबारी के बीच भारत जोड़ो यात्रा संपन्न

### भाजपा के राज में जो चल रहा है उससे देश का भला नहीं हो सकता: प्रियंका


श्रीनगर(उद ब्यूरो)। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा सोमवार को जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में समाप्त हुयी। राहुल के नेतृत्व में की जा रही इस यात्रा में कई विपक्षी पार्टियों को बुलाया गया था, जिसमें से कई दलों ने यात्रा से दूरी बनाने का फैसला किया। इस बीच प्रियंका गांधी वाड्रा ने यात्रा को संबोधित करते हुए कहा कि देश में जो राजनीति चल रही है, उससे देश का भला नहीं हो सकता। प्रियंका ने कहा कि भाजपा की राजनीति देश को बांटती और तोड़ती है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा से राहुल ने देश के लोगों का दर्द समझा है। प्रियंका गांधी ने कहा कि मेरा भाई कन्याकुमारी से 4-5 महीने पैदल चला और वे जहां भी जाते, लोगों से उन्हें काफी प्यार मिलता। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि इस देश में अभी भी देश के (शेष पृष्ठ सात पर)





## मुझे मर जाना कबूल है, लेकिन बीजेपी के साथ जाना कबूल नहीं: नीतीश

पटना(उद ब्यूरो)। जदयू में मचे सियासी घमासान के बीच बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि मरते दम तक बीजेपी के साथ नहीं जाएंगे। नीतीश कुमार ने कहा, मुझे मर जाना कबूल है, लेकिन बीजेपी के साथ जाना नहीं। नीतीश कुमार ने कहा कि हम लोग अटलजी को मानने वाले लोग हैं। उन्होंने दावा किया कि हमने बीजेपी को छोड़ दिया था। लेकिन वे जबरदस्ती पीछे पड़ कर साथ आए। 2020 में हम तो मुख्यमंत्री बनना नहीं चाहते थे, लेकिन इन्होंने जो किया सबने देखा। हम लोगों ने इन्हें कितनी इज्जत दी। नीतीश कुमार ने कहा, चुनाव तो होने दीजिए इस बार, सबको पता चल जाएगा कि कितनी किसकी सीटें आती हैं। नीतीश कुमार का ये बयान ऐसे वक्त पर आया, जब उनकी पार्टी के नेता (शेष पृष्ठ सात पर)




## जुआ खेलते चार जुआरी दबोचे,तीन फरार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलभट्टा पुलिस ने जुआ खेलते चार जुआरियों को गिरफ्तार किया है। मौके से ताश की गड्डी के साथ ही पांच बाइकें और स्कूटी के साथ ही नगदी भी बरामद की गयी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर जुआ, सट्टा खेलने वाले लोगो के विरूद्ध की जा रही कार्यवाही के तहत थानाध्यक्ष पुलभट्टा को मुखबिर से सूचना मिली की नौली पुलिया तिराहे के पास खेती में कुछ लोग ताश के पत्तो से हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे है।सूचना पर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर छापा मारी की तो मौके पर जुआ खेल रहे किशन पुत्र रतनलाल निवासी ग्राम बरा ,नन्द किशोर पुत्र चन्द्रसेन निवासी ग्राम बरा ,जीशान पुत्र वली अहमद निवासी बलीनगर थानासितारगंज ,सुनील कुमार पुत्र मेवाराम निवासी ग्राम बरा को गिरफ्तार किया गया जबकि तीन लोग नाले को पार कर मौके से फरार हो गये। मौके पर पांच बाइकें एक स्कूटी, ताश के पत्ते और 3600 रूपये की नगदी बरामद की गयी। पकड़े गये आरोपियों के साथ ही फरार हुए तीन (शेष पृष्ठ सात पर)



## पिकप खाई में गिरने से एक की मौत,चालक गंभीर

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। पहाड़ों पर सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला काठगोदाम थाना क्षेत्र के गुलाबघाटी का है जहां एक पिकअप वाहन के खाई में गिरने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गयी जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हुआ है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और अग्निशमन की टीम ने 1 घंटे के कड़ी रेस्क्यू के बाद घायल और मृतकों खाई से बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि नैनीताल से हल्द्वानी आ रही पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर गुलाब घाटी के पास पहाड़ से खाई में गिर गई सूचना के बाद मौके पर पहुंची काठगोदाम पुलिस और अग्निशमन की टीम ने दोनों घायलों को बाहर निकाला जहां एक व्यक्ति की मौत हुई है। बताया जा रहा कि मृतक व्यक्ति ज्योलीकोट से लिफ्ट लेकर पिकअप वाहन में बैठा था। मृतक की शिनाख्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं। वही पिकअप चालक की हालत गंभीर बनी हुई है जिसको सुशीला तिवारी अस्पताल में भेजा गया है। काठगोदाम थाना प्रभारी प्रमोद पाठक का कहना है कि मृतक की शिनाख्त ज्योलीकोट निवासी के रूप में हुई है । घटना सुबह की है प्रथम दृष्टया हो सकता है कि चालक को नींद की झपकी आई हो जिससे पिकअप वाहन खाई में गिर गई हो। पिकअप वाहन हल्द्वानी का बताया जा रहा है जो सरिया सीमेंट ढोने का काम करता है।



## विधायक बेहड़ की आपत्ति के चलते नहीं हो पा रहा नहर कवरिंग का कार्य: शुक्ला

किच्छा(उद संवाददाता)।पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने यहां पत्रकार वार्ता में वर्तमान विधायक तिलकराज बेहड़ पर लेफ्ट पाहा नगर की कवरिंग को लेकर हमला बोला है तथा कहा है उनके चहेतों के मकान अतिक्रमण के दायरे में आ रहे हैं जिस वजह से वर्तमान विधायक अपनी अनापत्ति नही दे रहे है । शुक्ला ने कहा कि मैंने एक वर्ष तक विधायक पर कोई आरोप नही लगाया।किंतु अपने कार्य काल मे नगर की जीवन रेखा कही जाने वाली लेफ्ट पाहा नहर के कवरिंग के प्रथम चरण का पैसा भी मुख्यमंत्री से मंजूर कराकर बिजली,पानी की लाइनों को स्थानांतरित भी करवा दिया था।किंतु वर्तमान विधायक तिलक राज बेहड़ के बनते ही विभागीय अधिकारियों से सड़क ना बनाए जाने की बात कहकर कार्य रूक गया है। जो कि किच्छा की जनता के लिए बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण बात है।उन्होंने हमला (शेष पृष्ठ सात पर)



## साधु के वेश में चरस की तस्करी करते दो गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। साधु के वेश में चरस की तस्करी कर रहे दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से एक किलो से अधिक चरस बरामद की गयी। नशा मुक्त नैनीताल की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से एसएसपी पंकज भट्ट के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत रविवार देर शाम चौकी प्रभारी खैरना दिलीप कुमार के नेतृत्व में कांस्टेबल प्रयाग जोशी व कांस्टेबल जगदीश धामी ने चेकिंग के दौरान गोपनीय सूचना के आधार पर कैंची धाम मंदिर से आगे बकरा डिग्गी पौधालय के पास से बाबा के वेश में अवैध चरस की तस्करी कर रहे सत्यनारायण दास उर्फ दीपक सेन पुत्र रामअवतार दास हाल निवासी रामगंज चोपड़ा आश्रम जयपुर राजस्थान मूल पता ग्राम दोसा मोहल्ला व्यास थाना व जिला दौसा राजस्थान के कब्जे से 584 ग्राम अवैध चरस व दूसरे व्यक्ति अनिल दास उर्फ अनिल गौतम पुत्र भगवान शाही शर्मा हाल निवासी आश्रम रामगंज चोपड़ा जयपुर राजस्थान मूल पता ग्राम डिग्गी मालपुरा थाना डिग्गी जिला टौंक राजस्थान के कब्जे से 598 ग्राम चरस दोनों के कब्जे से कुल 1 किलो 182 ग्राम अवैध चरस के बरामद की गई। अवैध चरस के साथ दोनों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कोतवाली भवाली में मुकदमा पंजीकृत किया गया है। पुलिस टीम में उ0नि0 दिलीप कुमार चौकी प्रभारी खैरना भवाली, कांस्टेबल प्रयाग जोशी, कांस्टेबल जगदीश धामी शामिल रहे। नैनीताल पुलिस टीम द्वारा इतनी बड़ी मात्रा में अवैध चरस की बरामदगी करने वाली पुलिस टीम के उत्साहवर्धन हेतु एसएसपी पंकज भट्ट ने 2500 रुपए के पुरस्कार की घोषणा की गई है।



## पुण्य तिथि पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को किया नमन

रूद्रपुर/किच्छा(उद संवाददाता)। महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 75 वीं पुण्यतिथि पर गांधी पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई और नमन किया गया। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष जगदीश तनेजा ने कहा कि महात्मा गांधी जी ने हमेशा अहिंसा के मार्ग पर चलकर देश को आजाद कराया और देश में एकता अखंडता व भाईचारा को बनाए रखते हुए देश को विकास के पथ पर लेकर गए तनेजा ने बताया कि बापू ने अपने जीवन में हमेशा एकता भाईचारा और देश हित की बात की और पूरा जीवन देश पर निछावर कर दिया। इस दौरान पूर्व पालिका(शेष पृष्ठ सात पर)





## शोरूम कर्मी जबरन ग्राहक की कार ले भागा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा बाईपास स्थित कार शोरूम का एक कर्मी रूपये न मिलने पर शोरूम में कार्य के लिए खड़ी ग्राहक की कार जबरन ले भागा। उसका पीछा करने पर उसने मार्ग में जाती चार लडकियों को टक्कर मार कर घायल कर दिया। मामले की सूचना तत्काल पुलिस को भी दी गई। परंतु पुलिस ने घटना की रपट दर्ज नहीं की। एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज रपट में हरप्रीत सिंह पुत्र सरधा सिंह स्वामी चार साहिबजादे सतिस सर्विस सेन्टर, किच्छा बाईपास रोड ने कहा है कि उसके सर्विस सेन्टर पर विवेक पुत्र अज्ञात निवासी भूत बंगला, काम करता था। 23 जनवरी को अलीक अहमद पुत्र अली निवासी खेड़ा कालोनी उसके सर्विस सेन्टर पर धुलाई के लिए अपना कार संख्या यूके 06एयू 4200 छोड़ गया था। दोपहर में विवेक शराब पीकर शोरूम पर आया और पैसे मांगने लगा। जब उसे शाम को पैसे लेकर जाने को बोला तो वह उग्र हो गया और गाली गलौच करने लगा। हरप्रीत का आरोप है विवेक ने मेज पर रखी कार की चाबियों में से एक ब्रीजा (शेष पृष्ठ सात पर)

# सड़क मार्गों के निर्माण कार्यों में नवीनतम तकनीक का प्रयोग करें: सतपाल महाराज

## चारधाम यात्रा तैयारियों को लेकर लोनिवि की समीक्षा बैठक आयोजित

देहरादून। चारधाम यात्रा को देखते हुए लोक निर्माण विभाग के सभी अधिकारियों और जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जहां-जहां भी सड़क धंस रही है और भूस्खलन की शिकायत मिल रही है उसकी रोकथाम के साथ-साथ पल-पल की रिपोर्ट सरकार को दी जाए। उक्त बात प्रदेश के लोक निर्माण,पंचायती राज, ग्रामीण निर्माण, पर्यटन, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री श्री सतपाल जी महाराज ने शनिवार को लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ यमुना कॉलोनी स्थित प्रमुख अभियंता कार्यालय में हुई समीक्षा बैठक के दौरान कही। उन्होने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और वर्चुअल जुड़े जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि चारधाम यात्रा सुचारू एवं निर्बाध रूप से प्रारंभ होने से पूर्व समय से सभी तैयारियां कर ली जाएं। समीक्षा बैठक के दौरान लोक निर्माण मंत्री श्री सतपाल जी महाराज ने अधिकारियों को पर्वतीय



जनपदों में सड़कों के अवरुद्ध होने तथा उनके बेहतर रखरखाव के लिए बेलदारओं की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि उनकी तत्काल नियुक्ति की जाए और विभाग में रिक्त चल रहे पदों को तत्काल भरा जाए। श्री महाराज जी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त मार्ग और पुलों के पुनर्निर्माण का कार्य शीघ्रता से किया जाना चाहिए। बैठक में जोशीमठ मैं हुए भू-धसाव, मारवाडी और हेलंग बाईपास के विषय में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि चार धाम यात्रा पर जितने भी बाईपास है उन्हें भी पूरी तरीके से दुरुस्त कर लिया जाए। लोनिवि मंत्री श्री महाराज जी ने मार्गों के नवनिर्माण में विस्फोटक इत्यादि का प्रयोग न करते हुए नवीनतम तकनीक का प्रयोग करने की भी अधिकारियों को सलाह दी। उन्होने पीएमजीएसवाई से लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरित मार्गों के अनुरक्षण के लिए तत्काल धनराशि आवंटित कर प्राथमिकता के आधार पर अनुरक्षण कार्य किये जाने के भी आदेश दिए। श्री महाराज जी ने मार्गों को गढ्ढामुक्त बनाये जाने एवं त्वरित गति से अनुरक्षण कार्य किये जाने हेतु गुजरात राज्य की तर्ज पर मोबाइल एप बनाये जाने की सम्भावनायें तलाशे जाने हेतु भी सलाह दी गयी। बैठक में लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, अपर सचिव विनीत कुमार, प्रमुख अभियंता अयाज अहमद, मुख्य अभियन्ताओं, अधिशासी अभियन्ताओं सहित अपर सचिव, आपदा एवं समस्त जनपदों के जिलाधिकारी, विभागीय अधिकारियों द्वारा वर्चुयल माध्यम से प्रतिभाग किया गया।

# चारधाम यात्रा में इंटेलीजेंट ट्रैफिक मानीटरिंग सिस्टम से होगी निगरानी

देहरादून। परिवहन विभाग इस वर्ष चारधाम यात्रा में इंटेलीजेंट ट्रैफिक मानीटरिंग सिस्टम लागू करने जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रदेश के प्रवेश स्थलों के साथ ही चारधाम यात्रा मार्ग पर आटोमेटिक नंबर प्लेट रिकगनिशन (एएनपीआर) कैमरे लगाए जाएंगे। इसके लिए टेंडर तक हो चुके हैं। यात्रा से पहले ये कैमरे लग जाएंगे। इन कैमरों को परिवहन विभाग मुख्यालय में बनाए गए कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा, जहां से इन पर नजर रखी जाएगी। इसका लिंक अधिकारियों को दिया जाएगा, जिससे वे भी किसी भी मार्ग पर यातायात की स्थिति पर नजर रख सकें। प्रदेश सरकार ने चाधाम यात्रा की तैयारी शुरू कर दी है। चारधाम यात्रा मार्ग पर यात्रियों की संख्या सीमित की जा रही है तो वहीं वाहनों के ग्रीन कार्ड व ट्रिप कार्ड बनाने के लिए मोबाइल एप बनाने पर भी काम चल रहा है। राज्य के बाहर से चारधाम यात्रा पर आने वाले निजी व व्यावसायिक वाहन बिना पंजीकरण कराए यात्रा पर न जाएं, इसके लिए परिवहन विभाग राज्य में आने वाले वाहनों पर इंटेलीजेंट ट्रैफिक मानीटरिंग सिस्टम लागू कर रहा है। यह सिस्टम पूरी तरह तकनीक आधारित होगा। इसमें प्रमुख भूमिका एएनपीआर कैमरों की रहेगी। ये कैमरे वाहनों की नंबर प्लेट को स्कैन कर जानकारी देंगे कि इस नंबर के वाहन का टैक्स जमा है या नहीं। साथ ही बताएंगे कि इस वाहन का ग्रीन कार्ड बना है या नहीं। नंबर प्लेट से यह भी पता चलेगा कि संबंधित वाहन चारधाम यात्रा के लिए पंजीकृत है अथवा नहीं। साथ ही इसके टैक्स जमा न होने के संबंध में जानकारी भी मिल सकेगी। ये कैमरे प्रवेश द्वार के साथ ही यात्रा मार्ग के प्रमुख स्थानों पर लगाए जाएंगे। इससे यह भी पता चल सकेगा कि कौन सा वाहन किस धाम की यात्रा कर चुका है। वहीं, आपात स्थिति में वाहन के संबंध में पूरी जानकारी भी विभाग के पास रहेगी। वाहनों के अवैध संचालन पर अंकुश लगाने में भी इनका उपयोग किया जा सकेगा। कैमरे वाले क्षेत्रों में यातायात की स्थिति पर भी नजर रखी जा सकेगी। संयुक्त आयुक्त परिवहन एसके सिंह ने कहा कि कैमरे लगाने की तैयारी चल रही है। यात्रा से पहले ये कैमरे लगाया दिए जाएंगे।

# सभी विश्वविद्यालयों में लागू होगा समान शैक्षिक कैलेंडर

देहरादून। प्रदेश के सभी राजकीय विश्वविद्यालयों में एक जैसा शैक्षणिक कैलेंडर लागू किया जाएगा। इसके अंतर्गत विश्वविद्यालय व महाविद्यालयों में छात्रों के लिए प्रवेश प्रक्रिया, परीक्षा, परिणाम व दीक्षा समारोह में एकरूपता लाई जाएगी। इसके साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिए सभी शिक्षण संस्थानों को नैक मूल्यांकन कराना अनिवार्य होगा। इसके लिए कार्यशालाओं के माध्यम से प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी। रविवार को उच्च शिक्षा मंत्री डा धन सिंह रावत ने सचिवालय में उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा की। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति आपस में समन्वय कर दो सप्ताह में शैक्षणिक कैलेंडर का ड्राफ्ट तैयार करेंगे, जिसे अगली बैठक में अंतिम रूप देते हुए स्वीकृति के लिए शासन को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि अक्सर देखने में आया है कि विश्वविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया से लेकर परीक्षा के आयोजन का कार्य महीनों तक चलता है, जिससे छात्र-छात्राओं की समय पर परीक्षाएं नहीं हो पाती तथा परिणाम घोषित करने में देरी होती है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए पूरे प्रदेश में समान शैक्षणिक कलैंडर को लागू कर एकरूपता लाना आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि सभी विश्वविद्यालयों को अपने संबद्ध महाविद्यालयों में



अनिवार्य रूप से 180 दिवस कक्षाएं संचालित करनी होंगी। छात्र-छात्राओं को पुस्तकालयों में बैठकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित करना होगा तथा परीक्षा में बैठने के लिए पूर्व से निधारित 75 प्रतिशत उपस्थिति को अनिवार्य रूप से लागू कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा को गुणवत्ता एवं रोजगारपरक बनाने के लिए सभी महाविद्यालयों का नैक मूल्यांकन करना आवश्यक है। इसके लिए प्रदेश भर में कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी विश्वविद्यालयों में दीक्षा समारोह की वेशभूषा व दीक्षा शपथ एक समान होगी। एक जैसी दीक्षा शपथ के लिए संस्कृत महाविद्यालय के कुलपति प्रो देवेंद्र शास्त्री की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है, जो शपथ का ड्राफ्ट व वेशभूषा तय कर शासन को अवगत कराएगी। सचिव उच्च शिक्षा शैलेश बगोली ने कहा कि नए शैक्षिक सत्र से सभी विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं को प्रवेश समर्थ पोर्टल से अनिवार्य रूप से किए जाएंगे। आकादमिक गतिविधियों के साथ ही शोध कार्यों एवं कौशल विकास संबंधी पाठ्यक्रमों को वरीयता दी जाएगी। बैठक में सचिव संस्कृत शिक्षा चंद्रेश यादव, निदेशक उच्च शिक्षा प्रो जगदीश प्रसाद, सलाहकार रूसा प्रो एमएसएम रावत समेत राजकीय विश्वविद्यालयों के कुलपति, कुलसचिव व परीक्षा नियंत्रक समेत विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



**वाटर प्रूफिंग**
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

**अरोरा डेन्टल केयर**
Dental Facilities / सुविधायें
डैंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
• दांतों की नसों का इलाज / RCT
• फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
• नकली दांतो का जबड़ा लगाना / Complete Denture
• टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
• दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
• सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling
डा. गगनदीप गुम्बर, B.D.S.,PGDHA (Oral Implantologist) M.9837081085
डा. अमनप्रीत सिंह अरोरा, B.D.S.,(Dental Surgeon) M.9897327642
(15 साल का अनुभव)
1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
2. Doctor Colony Gali No.1 Near Ahan Hospital, Rudrapur

**Shri Shyam Properties**
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

# जोशीमठ के मुद्दे को माओवादी ताकतें हवा दे रही: महेंद्र भट्ट

## आपदा प्रभावितों के विस्थापन तथा पुनर्वास को लेकर गंभीरता से प्रयास किए जा रहे, पर्यटन और तीर्थाटन प्रभावित नहीं होगा

ऋषिकेश। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति में जोशीमठ आपदा के बीच सोमवार को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद भट्ट का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि जोशीमठ के मुद्दे को माओवादी ताकतें हवा देने का काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार जोशीमठ के मुद्दे को लेकर पूरी तरह से गंभीर है। आपदा प्रभावितों के विस्थापन तथा पुनर्वास को लेकर गंभीरता से प्रयास किए जा रहे हैं। मगर, विकास विरोधी सोच रखने वाले लोग स्थानीय नागरिकों को गुमराह कर जोशीमठ के पर्यटन तथा तथा तीर्थाटन को नुकसान पहुंचाने का काम कर रहे हैं। रायवाला में आयोजित प्रदेश कार्यसमिति के प्रथम सत्र के पश्चात भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद भट्ट ने मीडिया के साथ बातचीत की। उन्होंने प्रथम सत्र में हुई चर्चा तथा आगामी कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि माओवादी ताकतें उत्तराखंड के विकास को प्रभावित करने का काम कर रही हैं। उन्होंने चिंता जताई कि राज्य का प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस भी जोशीमठ आपदा में सरकार का सहयोग करने के बजाय इसे राष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक मुद्दा बनाने का काम कर रही है। उन्होंने साफ कहा कि जोशीमठ में सरकार के खिलाफ हो रहे धरना प्रदर्शन के पीछे माओवादी ताकतों का हाथ है। जिनका उत्तराखंड से कोई लेना-देना नहीं है। यह लोग स्थानीय जनता को गुमराह कर, धार्मिक तथा सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण जोशीमठ को नुकसान पहुंचाने का काम कर रहे हैं। इस तरह के दुष्प्रचार से प्रदेश का पर्यटन और तीर्थाटन प्रभावित




होगा। उन्होंने बताया कि प्रथम सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के मुताबिक उत्तराखंड को देश का आदर्श राज्य स्थापित करने की दिशा में किए जा रहे कार्यों को लेकर सरकार का आभार व्यक्त किया गया। प्रदेश में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण देने, मतांतरण के खिलाफ कठोर कानून पारित करने, भ्रष्टाचार पर ऐतिहासिक कार्रवाई करने के लिए प्रदेश सरकार का आभार संगठन की ओर से किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शीघ्र ही सशक्त भू कानून राज्य में लागू करने जा रही है, जिसकी रूपरेखा लगभग तैयार हो चुकी है। यह कानून राज्य के व्यापक हित में लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन ने केंद्रीय नेतृत्व को भरोसा दिलाया है कि आगामी लोकसभा चुनाव में उत्तराखंड में भाजपा संगठन जीत का हैट्रिक लगाएगी। नगर निकाय के चुनाव में भी शत-प्रतिशत जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि जोशीमठ आपदा में सरकार के प्रयास सराहनीय हैं, मगर कुछ माओवादी ताकतें आंतरिक व्यवस्था को चोट पहुंचाने का काम कर रही हैं। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद भट्ट ने कहा कि इस कार्यसमिति में महिला मोर्चा तथा युवा मोर्चा के पदाधिकारियों को उनके लक्ष्य दिए गए हैं। उत्तराखंड के ऋषिकेश में आयोजित होने वाले जी-20 के दो कार्यक्रमों को सफल बनाने में भाजपा संगठन ने अपनी भूमिका तय की है। जी-20 में प्रतिभाग करने वाले दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देशों के प्रतिनिधियों को उत्तराखंड की सांस्कृतिक झलक तथा यहां की समृद्ध संस्कृति तथा स्वाद से रूबरू कराया जाएगा। साथ ही उत्तराखंड की धरती से पूरी दुनिया को वसुधैव कुटुंबकम का संदेश देने का काम किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान, सह मीडिया प्रभारी राजेंद्र नेगी मौजूद रहे।

# भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति बैठक में होगी सरकार के कामकाज की समीक्षा



ऋषिकेश। भारतीय जनता पार्टी की ऋषिकेश के रायवाला में आयोजित दो दिवसीय प्रांतीय कार्यसमिति की बैठक के दूसरे दिन सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कार्यक्रम में शामिल हुए। बैठक में प्रदेश सरकार के कामकाज तथा मंत्रियों के कार्यों की समीक्षा की जाएगी। ऋषिकेश के रायवाला में भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति रविवार को शुरू हो गई थी। सोमवार को दूसरे दिन प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा सरकार के मंत्री कार्यसमिति की बैठक में शामिल हुए। प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने बताया कि कार्यसमिति में सोमवार को सरकार के कामकाज का रिपोर्ट कार्ड पेश किया जाएगा।बताया कि सरकार के काम की समीक्षा के साथ जिलों के प्रभारी मंत्रियों का काम भी परखा जाएगा। सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने में संगठन का भी कामकाज परखा जाएगा। कमियों को दूर करने के साथ ही कार्यक्रमों की सफलता के लिए भी तालमेल बनाए जाने पर बातचीत होगी।इसके अलावा मंत्रियों के अभी तक के रिपोर्ट कार्ड को भी चेक किया जाएगा। मंत्रियों के जनपदों में निर्धारित प्रवास को लेकर भी जवाब तलब होगा। उन्होंने बताया कि राजनीतिक प्रस्ताव पर चर्चा के अलावा आगामी निकाय चुनाव तथा लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर भी विस्तार से चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड को जी-20 की मेजबानी मिली है। जी-20 की तैयारियों को लेकर सरकार के साथ संगठन की भूमिका को लेकर भी चर्चा होगी। बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री व प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व सह प्रदेश प्रभारी रेखा वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा, टिहरी लोकसभा सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, सांसद अजय टम्टा, कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल, प्रभारी प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र बिष्ट, कार्यक्रम प्रभारी आदित्य चौहान, मयंक गुप्ता, प्रदेश महामंत्री संगठन अजय कुमार, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनबीर सिंह चौहान, मेजबान संगठनात्मक जनपद के जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा आदि मौजूद रहे।







# सरकार का गड्ढा मुक्त सड़कों का दावा हो रहा फेल

## कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास के क्षेत्र में सड़क झेल रही दुर्दशा का दंश

बागेश्वर/गरुड़(उद संवाददाता)। कौसानी गरुड़ बागेश्वर मोटर मार्ग पर्यटन की दृष्टि से जिले का प्रमुख मोटर मार्ग है,वही बैजनाथ धाम में कई पर्यटक रोजाना आते है, जिले से लगातार विधायक और कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास के विधानसभा क्षेत्र में सड़क लंबे समय से गड्ढामुक्त होने का इंतजार कर रही है, इसे विभागीय अनदेखी कहें या लापरवाही की सड़क पर बने गड्ढो को गड्ढामुक्त करने के आदेश यहां फीका नजर आ रहा है। बदहाल सड़क की सुध लेने वाला कोई नहीं है, स्थानीय जनप्रतिनिधि कैबिनेट मंत्री से लेकर स्थानीय प्रशासन,द्वारा सड़क पर बने गड्ढो की सुध नही ली जा रही है, पूर्व में लोगों ने कौसानी से बागेश्वर तक हुए सड़क निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच की भी मांग की थी, पर विरोध के बाद भी सड़क निर्माण कार्य मे जुटी कार्यदाई संस्था के द्वारा इसमें कोई सुध नही ली गई। लोगों के विरोध के बावजूद सत्तापर बैठे सत्ताधारियों द्वारा भी कोई सख्त कार्रवाई के निर्देश नही देने सड़क निर्माण की जांच में ठेकेदार पर कोई कार्रवाई नही होने से आमजनता में रोष है। उन्होंने इसके लिए सड़क निर्माण में रसूखदारों द्वारा मिलीभगत की आशंका जताई है, सड़क पर बने गड्ढों और सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सुशासन की सरकार और भृस्टाचार मुक्त शासन का दावा करने वाले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और मुख्य सचिव से मामले में जांच कमेटीई गठित कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है, वही गरुड़ बैजनाथ मंदिरके समीप बने गड्ढो को विभाग द्वारा तत्काल गड्ढामुक्त किए जाने की मांग की है,सड़क के गड्ढो से जहाँ पर्यटकों को परेशानी होती है वही स्कूली बच्चों,आम जनता से लेकर दो पहिया, चौपहिया वाहन चालक भी परेशान हैं, गरुड़ गोलू मार्केट से बैजनाथ तक जगह जगह रोड मै गड्ढे बने हुए है, जिसमें कही बार दोपहिया वाहन चालकों को गिरने से चोट भी लगी है, व्यापारी शशांक पाण्डे द्वारा बताया कि कई बार विभाग को सूचित करने के बाद भी को सुध नहीं ली गई, टैक्सी यूनियन अध्यक्ष गरुड़ कुंदन भंडारी ने बताया की तहसील प्रशासन से लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि कई बार इस जगह से गुजरते हैं लेकिन रोड़ मै इतने बड़े गड्ढे किसी को नहीं दिखाई देते जल्द इनको भरने का कार्य शुरू नहीं किया गया तो टैक्सी यूनियन उग्र आंदोलन करेगा, बिनोद पांडे ने बताया की रोड़ मे गड्ढे होने से गड्ढों मै पानी भर जाता हैं जब वाहन चलते हैं तो कीचड़ लोगों पर गिरता है जिससे व्यापार भी प्रभावित होता हैं, गरुड़ टैक्सी यूनियन, व्यापारी,आम जनमानस ने स्थानीय विधायक और कैबिनेट मंत्री चंदनराम दास,और जिलाधिकारी से मामले में लापरवाही करने वालों के खिलाफ जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।



# जर्जर मार्ग को लेकर कीचड़ भरे मार्ग पर बैठ की नारेबाजी

## कांग्रेस नेता ने विधायक और मेयर के खिलाफ आक्रोश जताया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप के पिछले काफी समय से जर्जर मार्ग के पुर्ननिर्माण की मांग को लेकर कांग्रेस नगर महामंत्री अर्जुन विश्वास के नेतृत्व में क्षेत्र के भारी संख्या में लोगों ने धरना प्रदर्शन कर विधायक शिव पानी मार्ग किनारे स्थित लोगों के घरों में घुस जाता है। उन्होंने कहा पिछले कई वर्षों से लोग कीचड़ भरी सड़क पर निकलने को मजबूर हैं। दुकानदार परेशान है। क्योंकि सड़क पर कीचड़ और पानी भरा होने की वजह से ग्राहक जिम्मेवारी दोनों जनप्रतिनिधियों की होगी। धरना प्रदर्शन करने वालों में अमर बाला, फईम, सत्यजीत, प्रीतीश, गोपाल, सुमित, अमित, राजू, दीपक, बाबू बटला, प्रकाश, विनय सिंह चंदेल, विजय पाल, नायब, धर्मेन्द्र शर्मा, असीत मण्डल, इसराईल,



अरोरा तथा मेयर रामपाल सिंह के खिलाफ जोरदार नारेबाजी कर धरना प्रदर्शन किया। कांग्रेस नगर महामंत्री अर्जुन विश्वास ने कहा कि मामूली वर्षा होने से ही ट्रांजिट कैंप का मुख्य मार्ग तलैया का रूप ले लेता है। जहां से लोगों का पैदल व वाहनों का साथ गुजरना मुश्किल हो जाता है। वहीं वर्षा का गंदा उनकी दुकानों पर नहीं पहुंच पा रहे हैं। जिससे दुकानदारों का काफी नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि अगर जल्द ही सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो वह लोगों के साथ मेयर तथा विधायक का घेराव करेंगे। अगर वह भी उनकी बात की सुनवाई नहीं करते है तो वह भूख हड़ताल पर बैठेंगे। जिसकी मुजीब रहमान, आदिल, आसिफ, जाहिद हुसैन, धर्मवीर राजपूत, सुनील मंडल, सनातन राय, साधन विश्वास, कार्तिक राय, समीर राय, दीपक, मनोज मिर्धा, कमल आर्या, दिलीप कुमार, विशाल अधिकारी, संध्या राय, मंजीत देवनाथ, पायल राय, राहुल, देव कुमार, शिव कुमार, अंकित दास आदि शामिल थे।

# औचक छापेमारी में सिलेंडरों की कालाबाजारी करने वाला दबोचा

## नौ भरे तथा सात खाली सिलेण्डर हुए बरामद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रम्पुरा चौकी पुलिस की सूचना पर पूर्ति निरीक्षक अनीता तिवारी ने चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अर्जुन गिरी गोस्वामी व अन्य पुलिस कर्मियों के साथ हिवा गैस एजेन्सी के निकट शनि मन्दिर भदईपुरा में एक दुकान मे औचक दबिश देकर वहां से कुल 16 सिलेण्डर बरामद कर सिलेंडरो की कालाबाजारी करने वाले व्यक्ति को पुलिस के सुपुर्द कर उसके खिलाफ मामला दर्ज करा दिया। पूर्ति निरीक्षक अनीता तिवारी ने बताया कि उन्हें रम्पुरा चौकी प्रभारी से यह सूचना मिली कि भदईपुरा की एक दुकान में काफी मात्रा में सिलेण्डर रखे है।



तत्काल रम्पुरा पुलिस चौकी पहुँचे। उन्होंने बताया सूचना मिलते ही वह रम्पुरा पुलिस चौकी पहुँची और उपनिरीक्षक अर्जुन गिरी गोस्वामी, कानि0 विजय पाल, महेन्द्र सिंह व अमित जोशी के साथ हिवा गैस ऐजन्सी निकट शनि मन्दिर भदईपुरा पहुंची। गैस ऐजन्सी के बाहर सिलेण्डर बांट रहे व्यक्ति से नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम बंटी कुमार पुत्र धान सिंह निवासी आशापुर भदईपुरा रम्पुरा बताया। उसकी दुकान की तलाशी ली गैरो वहां से नौ भरे तथा सात खाली सिलेण्डर बरामद हुए। दुकान मे रखे सिलेण्डरो के कागजात तलब करने पर बंटी नहीं दिखा पाया ना ही कोई सन्तोषजनक उत्तर दे पाया कि मौके पर रखे गये सिलेण्डर किसके है और कहां से आये है। मौके पर आस-पास के लोगो से पूछताछ करने पर पता चला कि बंटी यहां पर काफी समय से इस छोटे कमरे में लगभग 30-35 गैस सिलेण्डरो प्रतिदिन रखता है। इससे मौहल्ले वासियो को भय बना रहता है कभी भी कोई बड़ा हादसा हम लोगो के साथ हो सकता है। क्योंकि यह क्षेत्र घनी आबादी वाला क्षेत्र है अधिकतर मजदूर निवास करते है। चौक करने पर दुकान के अन्दर सुरक्षा की मध्येनजर अग्निशमन के कोई उपकरण नही पाये गये। पूर्ति निरीक्षक अनीता तिवारी ने आरोपी बंटी कुमार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# भाकपा माले पदाधिकारियों ने की बैठक में महाधिवेशन की तैयारियों पर चर्चा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)।भारत की कम्युनिस्ट पार्टी(माले) के सदस्यों की जिला स्तरीय बैठक में उधमसिंहनगर जिले की नई जिला कमेटी का चुनाव के साथ माले के 11 वें महाधिवेशन की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा हुई।बैठक में भाकपा (माले) के राज्य सचिव



कामरेड राजा बहुगुणा ने कहा कि पार्टी का 11वां महाधिवेशन पटना में 15 से 20 फरवरी को होने जा रहा है। केंद्र की भाजपा सरकार पूरी तरह से फासीवादी तौर-तरीकों पर चल रही है। देश की मेहनतकश जनता महंगाई,भ्रष्टाचार, बेरोजगारी से बेहाल है. लेकिन सरकार अडानी अंबानी को देश के संसाधनों को बेचने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्रों का तेजी से निजीकरण किया जा रहा है। बड़े पूंजीपतियों का हित साधने के लिये मजदूर पक्षीय 44 कानूनों को खत्म कर दिया गया है। सरकार की नीतियों के खिलाफ भाकपा (माले) की विचारधारा से ही जनता की लड़ाई को जीता जा सकता है। डॉ. कैलाश पांडे ने कहा कि प्रदेश सरकार में छात्र, बेरोजगार, कर्मचारी सभी लोग परेशान हैं। अंकिता हत्याकांड, पेपर लीक कांड, बनभूलपुरा और जोशीमठ का मामला सरकार हर जगह विफल साबित हुई है। भाकपा माले जोशीमठ की जनता के साथ खड़ी है और सरकार से मांग की है कि वहां के लिए एक बेहतर मुआवजा नीति जोशीमठ संघर्ष समिति के सहयोग से बनाई जाए। केके बोरा ने कहा कि जिला उधमसिंहनगर व तराई में भाकपा माले के संघर्षो का पुराना इतिहास है। माले अभी भी मजदूर किसानों के हितों की आवाज को उठा रही है। आने वाले समय में भाकपा माले और मजबूती के साथ महत्वपूर्ण राजनीतिक ताकत के रूप में बेहतर काम करेगी। बैठक में भाकपा माले की 7 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया जिसमें अमनदीप कौर, ललित मटियाली, निशान सिंह, निरंजन लाल, केके बोरा, कार्तिक सरकार, रीता कश्यप को चुना गया। नई कमेटी ने ललित मटियाली को जिला सचिव निर्वाचित किया। बैठक में रुदल प्रसाद, विकास पासवान, खीम सिंह रावत, अरविंद कुमार, शैलेंद्र सिंह, अनिल वर्मा, महेंद्र, प्रकाश सिंह, दर्शन सिंह, वीरभद्र, कैलाश चंद्र, चंदन सिंह,विजय शर्मा, जगजीत कौर आदि उपस्थित थे।

# भाजपा को देश की एकजुटता से कोई लेना देना नहींः प्रदीप टम्टा

बागेश्वर(उद संवाददाता)।कांग्रेस एक बार फिर एकजुट होकर भाजपा को टक्कर देने में जुट गई है।कांग्रेस ने भारत यात्रा से लेकर गांधी वादी विचारधारा के लोगों को पुनः कांग्रेस से जुड़ने की अपील की है।26 जनवरी से प्रारंभ कांग्रेस की हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा की समीक्षा की गई। इस दौरान प्रभारी व पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा ने कहा कि भाजपा को देश की एकजुटता से कोई वास्ता नहीं है। कहा कि कांग्रेस द्वारा हमेशा देश को एकजुट करने का प्रयास किया जाता रहा है।कांग्रेस



सरकार में ही सबका साथ सबका विकास होता था,आज देश मे पूंजीपतियों का साम्राज्य हो गया है, वही अमीर और गरीबी के बीच की खाई बढ़ने लगी है, विरोजगारी चरम पर है, प्रदेश में भृस्टाचार चरम पर है, सरकार केवल दिखावा कर रही है, जब प्रशासनिक तंत्र पर ही ठीक ढंग से संचालित नही हो रही हो तो फिर इससे ज्यादा सोचनीय विषय कुछ नही है, पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक में यात्रा के अल्मोड़ा लोकसभा प्रभारी प्रदीप टम्टा ने कहा कि भाजपा ने देश में समाज को विघटित करने का कार्य किया है, जबकि कांग्रेस द्वारा भारत जोड़ने के लिए कार्य किया। उन्होंने यात्रा की सफलता के लिए कार्यकर्ताओं को विविध जानकारी दी। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष भगवत सिंह डसीला ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बाद प्रदेश अध्यक्ष करन मेहरा के निर्देश पर हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा प्रारंभ की गई है। जनपद में 26 जनवरी से यह यात्रा प्रारंभ की गई। उन्होंने सभी ब्लाक प्रभारियों से यात्रा की सफलता के लिए कार्य करने को कहा। पूर्व जिपं अध्यक्ष हरीश ऐठानी ने कहा कि आओ मिलकर साथ चलें, जनता का विकास कांग्रेस में ही संभव कहकर संबोधित किया, बैठक में रंजीत दास, किशन कठायत, भगवत रावल, गीता रावल, किशन गिरी, कुंदनगिरी, गोपा धपोला, चंद्रप्रकाश दानू, उमेश उपाध्याय, सुरेश गढ़िया, दरपान राम, भीम कुमार, फिरोज खान, संतोष कुमार, दीपक गढ़िया, प्रकाश चंद्र, सुनीता टम्टा आदि दर्जनों लोग शामिल थे।

# जनपद के तीन दरोगाओं का प्रमोशन,बने इंस्पेक्टर

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जनपद के तीन सब इंस्पेक्टरों का इंस्पेक्टर पद पर प्रमोशन हो गया। एसएसपी डॉ मंजुनाथ हुआ है। उनमें इस जनपद में सब इंस्पेक्टर प्रताप सिंह,हेम चन्द्र पंत और पूरन राम की विभिन्न थानों में तैनाती हैं। तीनों सब







टिसी ने तीनों दरोगाओं के तीसरा स्टार लगा कर बधाई दी। पुलिस के मुताबिक वर्ष 2007 बैच के दरोगाओं का प्रमोशन इंस्पेक्टर के इंस्पेक्टर पद पर प्रमोशन का आदेश 28 जनवरी 2023 को शासन जारी हुए। शासन से प्रमोशन के आदेश

# नेत्र शिविर में तीस रोगियों के आपरेशन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। अल्मोड़ा के आई क्यू अस्पताल में एक नेत्र शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें चिकित्सकों ने 30 नेत्र रोगियों का सफल ऑपरेशन कर उन्हें नेत्र ज्योति दी। शिविर में लगभग 50 गंभीर रोगियो के उपचार व दवा तथा चश्में की राय दी। नेत्र शिविर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. आरसी पंत व रेड क्रॉस के अध्यक्ष ने रोगियों को और भी आवश्यक जानकारी दी। मरीजों ने नेत्र चिकित्शालय क सफल अपारेशन के लिये आभार जताया।



उन्होंने लोगो से अधिक से अधिक आयुष्मान के तहत लाभ लेने को कहा। शिविर में डॉ. दुर्गापाल ने मुखयचिकत्सा अधिकारी व रेड क्रास के अध्यक्ष सनवाल का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि शिकिर में डॉ. सिंधे ने दिल्ली से पहुंच ऑपरेशन किये।

ANANT GRAPHICS
Anant Graphics
We Deals In
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
More information call us
98377 77818
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

# क्रिकेट टूर्नामेंट में टैगोर नगर की टीम बनी चैंपियन

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। बैकुंठपुर में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में टैगोर नगर ने टास जीतकर पहले अलीनगर टीम को बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया। 16 ओवर के मैच में अलीनगर ने 16 ओवर में 154 रन बनाए ,जवाब में टैगोर नगर की टीम ने रोमांचक मुकाबले में अलीनगर को 15.2 ओवर में ही 3 विकेट से हराकर सीरीज जीत लिया। अलीनगर टीम की ओर से सर्वाधिक 65 रन जाकिर ने बनाए। टैगोर नगर के टीम के अमन को मैन आफ द मैच घोषित किया



गया उन्होंने 2 विकेट और 27 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली, जबकि मैन ऑफ द सीरीज मोहित ने पूरे सीरीज में 11 विकेट और 107 रन बनाए। बंगाली कल्याण समिति के अध्यक्ष और आयोजक समिति के संरक्षक राम चंद्र राय ने विजेता टीम के कप्तान को ट्रॉफी के साथ 15000 हजार रूपए तथा उपविजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 10000 रुपए नगद प्रदान किए। मुख्य अतिथि किशोर राय ,सुनील हालदार,रविन्द्र सिंह,पंकज राय,राजा हालदार,बिरेन्ची बाईन, ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। अंपायर बलाई साना तथा सूरज मंडल स्कोरर जगदीश बिस्वास तथा अभिजीत ,भोलानाथ राय उद्घोषक राम चंद्र राय रहे। इस मौके पर आयोजक समिति के अध्यक्ष प्रशांत मजूमदार,आनंद राय,दीपांकर सरकार,समीर राय,सतीश सरकार, राणा सरकार,रोहित सरदार,नरेश मजूमदार,अनिमेष सरकार,सुजीत मंडल,सुमित सरकार, तारक राय,आदि मौजूद थे।

# कई स्थानों पर सुनी गयी प्रधानमंत्री के मन की बात

गदरपुर(उद संवाददाता)। विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का कार्यक्रम टीवी प्रसारण द्वारा देखा गया। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश हुड़िया, मंडी समिति के अध्यक्ष सुभाष गुंबर, सुरेश धमीजा, चिमनलाल हुडिया, रामपाल सैनी, जयपाल सैनी,




अभिजीत कुमार,मनोज चौहान आदि किसान मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहे। इधर राष्ट्रीय योगी सेना के सदस्यों द्वारा भी भारत के प्रधानमंत्री की मन की बात को दूरदर्शन के माध्यम से देखा और सुना गया। इस दौरान हैप्पी चंद्रा, हरीश अरोड़ा, निपुण गगनेजा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में भी शिक्षिकाओं एवं छात्राओं द्वारा प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को देखा गया।

# पति ने अपने दो साथियों के साथ किया पत्नी पर जानलेवा हमला

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एक सनसनी खेज वारदात में नशे में चूर पति ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर अपनी पत्नी पर जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार तीनपानी चौराहा निवासिनी एक महिला द्वारा 28 जनवरी को कोतवाली में रपट दर्ज कराई गई। जिसमे कहा गया कि 27 जनवरी की रात्रि उसके पति ने अपने दो अन्य साथियों के साथ स्मैक व शराब के नशे में घर आकर चाकू से उसके ऊपर जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिससे उसे आठ टांके लगे हैं तथा उसके दो अन्य साथी उसे व उनके बच्चों को भी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित महिला की



मेडिकल जांच करवाकर पुलिस ने तीनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु ढूंढ खोज हेतु प्रभारी निरीक्षक कोतवाली हरेंद्र चौध री के दिशा निर्देशन में पुलिस टीम का गठन किया गया। विवेचक उपनिरीक्षक गुलाब सिंह कंबोज चौकी प्रभारी मंडी हल्द्वानी द्वारा गठित पुलिस टीम के साथ उक्त जानलेवा हमले में सम्मिलित पीड़िता के पति विष्णु कश्यप पुत्र मंगलसेन कश्यप, निवासी तीनपानी चौराहा मंडी, मूल निवासी थाना बारादरी जनपद बरेली एवं उसके दो अन्य साथी मनीष यादव एवं राजबहादुर निवासीगण थाना बारादरी जनपद बरेली जो हल्द्वानी से भागने की फिराक में थे को मंडी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया।

# उत्तराखंड में 50 हजार पॉली हाउस बनायेगी सरकार : सीएम

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को कहा कि सरकार की अगले दो साल में उत्तराखंड में 50 हजार पॉली हाउस बनाने की योजना है। सीएम धामी ने कहा कि राज्य सरकार राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की मदद से इन पॉली हाउसों का निर्माण करेगी। मुख्यमंत्री ने योजना पर विश्वास जताते हुए कहा कि पॉली हाउस बनने से उत्तराखंड के किसानों को बड़े पैमाने पर लाभ मिलेगा। सीएम धामी रविवार को अपने सरकारी आवास में पॉली हाउस में उगाई जाने वाली सब्जियों का निरीक्षण कर रहे थे, तभी उन्होंने किसानों के लिए सरकार की पॉली हाउस बनाने की योजना के बारे में बताया है। उन्होंने उच्चाधिकारियों से काश्तकारों को पॉली हाउस योजना के लिये प्रोत्साहित करने के भी निर्देश दिये है।

# लोगों का पैसा सात गुना करने का लालच देते दो सटोरिए पकड़े

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान दो सटोरियों को लोगों का पैसा सात गुना करने का लालच देकर सट्टा खिलाते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष वनभूलपुरा नीरज भाकुनी



के दिशा-निर्देशन मे बनभूलपुरा थाना के कानि0 मुन्ना सिंह, अमनदीप सिंह, भूपेंद्र जेस्टा व राजा गौतम ने गत रात्रि गश्त के दौरान दो सटोरियो पप्पू खा पुत्र असगर खा निवासी इंद्रा नगर नूरी मस्जिद वार्ड 30 तथा मोहम्मद इरफान पुत्र मोहम्मद अनवार निवासी वार्ड नंबर 30 नूरी मस्जिद के पास इंदिरानगर को अवैध सट्टा पर्ची के माध्यम से सार्वजनिक स्थान पर जुआ मे बाजी लगाते हुए पैन, गत्ता सट्टा पर्ची व नगदी 2650 रुपए के साथ गिरफ्तार कर लिया।

# चोरी की योजना बनाते दो युवक गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता) मंगल पढ़ाव चौकी पुलिस कर्मियों ने रात्रि गश्त के दौरान चोरी की योजना बनाते दो युवकों को आलानकब व अन्य सामान सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक जगदीप सिंह नेगी साथी पुलिस कर्मियों कमलेश नौला व अरुण राणा के साथ रात्रि गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुख्य बाजार में दो युवक संदिग्ध रुप से घूमते दिखाई दिए। जब उन्होंने पुलिस कर्मियों को देखकर छिपने की कोशिश की तो संदेह होने पर पुलिस कर्मियों ने उन्हें पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वह चोरी की घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे थे। पुलिस ने आवश्यक पूछताछ के पश्चात दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

# बांग्ला भाषा को इसी सत्र में लागू करवाने के लिए तेज हुआ जनचेतना अभियान

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। आंचलिक बंगाली कल्याण समिति के अध्यक्ष राम चंद्र राय और समिति के पदाधिकारियों ने बांगला भाषा को बंगाली बाहुल्य क्षेत्रों के प्रत्येक विद्यालय में इसी सत्र से लागू करवाने के लिए वृहद जनांदोलन शुरू करते हुए शक्तिफार्म के हर गांव में पहुंचकर लोगों को बांग्ला पुस्तक वर्ण परिचय और बाल्य शिक्षा देते हुए शासन प्रशासन से मांग करने की अपील कर रहे है।बंगाली कल्याण समिति के



अध्यक्ष राम चंद्र राय ने कहा की उन्होंने विगत 10 वर्षो से अधिक समय से बांग्ला भाषा को लागू करवाने के लिए शासन से मांग करते हुए आ रहे है। उन्होंने तहसीलदार सितारगंज, एसडीएम मुख्यमंत्री ,प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति महोदय को विभिन्न माध्यमों से ज्ञापन दिया है। आंचलिक बंगाली कल्याण समिति के अध्यक्ष राम चन्द्र राय ने कहा उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा को भी हाल ही में बांग्ला भाषा की पुस्तक सौंपते हुए इसी सत्र में बंगाली बाहुल्य क्षेत्रों के विद्यालय में बांग्ला भाषा लागू करवाने की मांग की है।राम चंद्र राय ने कहा उत्तराखंड सरकार को तत्काल बांग्ला भाषा लागू करनी चाहिए। बांग्ला भाषा लागू होने से बांग्ला संस्कृति ,साहित्य, कला को बढ़ावा मिलेगी। आंचलिक बंगाली कल्याण समिति के सदस्यो के द्वारा शक्तिफार्म के नगर क्षेत्र और गांव गांव में जाकर बांग्ला भाषा की पुस्तक बाटी जा रही है।समिति के सचिव अनूप राय ,गोविंद देवनाथ ने 200 पुस्तक भेट किया। पूर्व प्रध ान किशोर राय,जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि रविन्द्र सिंह, उत्तम आचार्य, एडवोकेट प्रियजीय राय ,नरेश साना,रेखा राय,मालती देवी, प्रियंका सरकार, ने भी पुस्तक भेट की।

# मंडी में दुकानों की शिफ्टिंग के लिए मांगा जा रहा सुविधा शुल्कः भुसरी

गदरपुर(उद संवाददाता)। कांग्रेस नगर अध्यक्ष सिद्धार्थ भुसरी ने अपने प्रतिष्ठान पर आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि गदरपुर शहर में नवीन मंडी का निर्माण हो रहा है जिसकी कांग्रेस की सरकार के समय घोषणा हुई थी, वह नई मंडी बन कर तैयार है लेकिन वहां पर शिफ्टिंग का कार्य रुका हुआ है। मंडी समिति गदरपुर के सचिव कैलाश शर्मा व मंडी परिषद रुद्रपुर के 3 अधिकारियों द्वारा 27 सितंबर 2022 को 80 दुकानों का आवंटन किया जो कि मंडी शुल्क के आधार पर हुआ था इसी आधार पर उनका दुकानों का किराया मंडी द्वारा हर माह 10 से 15 हजार रुपए बताया गया, मगर 27 सितंबर 2022 से जनवरी 2023, 4 महीने में उन बनी हुई दुकानों में मंडी गदरपुर से शिफ्टिंग नहीं हुई है। भुसरी ने कहा जब इसके बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो एक बड़ा गंभीर विषय निकल कर आया।कुछ लोगों द्वारा भाजपा सरकार पर खुला आरोप लगाया गया कि यहां से शिफ्टिंग के लिए सुविधा शुल्क के लिए दबाव बनाया जा रहा है कि कुछ



आर्थिक धनराशि की मांग सामने रही है अधिकारियों द्वारा और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश एवं मंत्रालय स्तर के नेताओं द्वारा शिफ्टिंग के लिए सुविधा शुल्क मांगा जा रहा है। दुकानों के आवंटन के बावजूद शिफ्टिंग नहीं हो रही है क्योंकि यहां से रिश्वत की मांग की जा रही है। यह दबाव भी बनाया जा रहा है कि अगर यह राशि नहीं दी गई तो आवंटन निरस्त कर दिया जाएगा। भुसरी ने कहा मंडी शिफ्टिंग ना ले जाने के पीछे कहीं ना कहीं रिश्वत शामिल है, अगर ऐसा नहीं है तो 1 हफ्ते के अंदर शिफ्टिंग कर दी जाए। इस मामले को कांग्रेस छोड़ेगी नहीं हम धरना भी देंगे। मामले को प्रदेश स्तर पर भी उठाएंगे।उन्होंने यह भी कहा कि अगर यह आरोप निराधार है तो एक सप्ताह में बिना किसी रोक टोक के आवंटित दुकाने आढ़तियों को दी जाए या इन आरोपो को स्वीकार किया जाए और स्पष्टीकरण दे।

# मुंबई फेस्ट में देवभूमि के कलाकारों ने मचाई धूम







मुंबई(उद संवाददाता)। तीन दिवसीय नवी मुम्बई फेस्ट 2023 में उत्तराखण्ड के कुमांऊ और गढ़वाल की लोक संस्कृति की भी झलक देखने को मिली। समारोह में 14 राज्यों ने अपनी प्रस्तुतियां दी 14 राज्यों की बोली भाषा संस्कृति को बढ़ावा दिया गया। यह कार्यक्रम सीवुड नवी मुंबई के एक मॉल आयोजित किया गया। इस भव्य अयोजन में रविवार को देवभूमि देवभूमि लोक कलका उदगम आर्टिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन टीम को उत्तराखंड राज्य की लोक कला संस्कृति को प्रचार प्रसार करने का अवसर मिला जिसमें पहाड़ी फैशन शो (रैंप वॉक) नृत्य गायन एवं पहाड़ की संस्कृति को दर्शाने का अवसर मिला जिसमें कुमाऊ, गढ़वाल एवं जोनसार के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। इस समारोह में समस्त उत्तराखंडी समाज ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और महिलाओं एवं पुरुषों पहाड़ी पारंपरिक परिधान में झोड़ा, चाचरी, झुमैलो का प्रदर्शन किया। इस भव्य समारोह में उत्तराखंड राज्य को रिप्रेजेंट देवभूमि आर्टिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्षा श्रीमती गायत्री बिष्ट चिलवाल व उदगम मंच के कलाकारों एवं लीड फाउंडेशन के बच्चों द्वारा किया गया कार्यक्रम में देवभूमि आर्टिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन के संस्थापक दिवान सौन, योगेंद्र बिष्ट एवं दीपा सौन उपस्थित रहे। समारोह में कार्यक्रम अयोजन प्रवीण ठाकुर, कैलाश ठाकुर के साथ समस्त उत्तराखंडी समाज ने अपनी उपस्थिति देकर चार चांद लगा दिए।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## सिंधु जल समझौते में संशोधन

आखिरकार भारत ने सिंधु जल समझौते में संशोधन के लिए पाकिस्तान को बातचीत का नोटिस भेज दिया है। इस तरह उसे नब्बे दिन के अंदर इस मसले पर वार्ता के लिए आना होगा। मगर वह आसानी से इस नोटिस को स्वीकार कर लेगा, कहना मुश्किल है। दरअसल, पिछले पांच सालों से भारत कोशिश करता रहा है कि सिंधु जल समझौते में संशोधन हो, मगर पाकिस्तान इसे लगातार टालता रहा है। पाकिस्तान ने सात साल पहले भारत की रातले और किशनगंगा पनबिजली परियोजनाओं पर आपत्ति जताते हुए अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता की अपील की थी। उसके बाद भारत लगातार प्रयास करता रहा है कि इस मसले को परस्पर निपटाया जाए, मगर पाकिस्तान का रुख टालमटोल का रहा है। इसी के चलते उसे यह नोटिस भेजा गया है। सिंधु जल समझौता करीब बासठ साल पहले छह नदियों– व्यास, सतलुज, रावी, सिंधु, झेलम और चेनाब के पानी की हिस्सेदारी को लेकर हुआ था। उसमें विश्व बैंक ने भी हिस्सेदारी की थी। उसके बाद से दोनों देशों के बीच तीन युद्ध हुए, मगर भारत ने कभी पाकिस्तान के हिस्से का पानी नहीं रोका। इस मसले पर कभी कोई बड़ा विवाद नहीं उभरा। हालांकि ये सभी नदियां भारत से होकर गुजरती हैं और उनके पानी के उपयोग का उसे पूरा अधिकार है, फिर भी पाकिस्तान ने उसकी पनबिजली परियोजनाओं पर आपत्ति जाहिर कर दी। दरअसल सिंधु जल समझौते में भारत को रावी, सतलुज और व्यास नदियों के पानी के निर्बाध उपयोग का अधिकार है, मगर बाकी तीन नदियों पर परियोजनाएं शुरू करने और पानी रोकने को लेकर कुछ शर्तें लगाई गई हैं। उन्हीं शर्तों के आधार पर पाकिस्तान ने भारतीय पनबिजली परियोजनाओं पर आपत्ति जताई। हालांकि हकीकत यह भी है कि इन नदियों का केवल बीस फीसद पानी भारत इस्तेमाल कर पाता है और अगर वह पानी रोक दे, तो पाकिस्तान में सूखे की स्थिति पैदा हो जाएगी। मगर उसने कभी ऐसा नहीं किया। अब पिछले बासठ सालों में स्थितियां काफी बदली हैं। भारत की जल संबंधी जरूरतें तो बढ़ी ही हैं, कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त होने के बाद वहां नई परियोजनाओं का रास्ता खुला है। सब जानते हैं कि नदियों के पानी का सबसे अधिक इस्तेमाल सिंचाई और औद्योगिक इकाइयों में होता है। ऐसे में आने वाले समय में भारत को उन नदियों के पानी में हिस्सेदारी बढ़ानी पड़ेगी, जिनका बड़ा हिस्सा पाकिस्तान इस्तेमाल करता आ रहा है। कई बार विशेषज्ञ रेखांकित कर चुके हैं कि कश्मीर से होकर गुजरने वाली नदियों के पानी का भारत को अधिकतम उपयोग करना चाहिए। मगर अभी तक अड़चन यह है कि उन नदियों के पानी का संचय करने का कोई प्रबंध नहीं है। सिंधु जल समझौते में एक शर्त यह भी है कि भारत नदियों का रुख मोड़ नहीं सकता। इस तरह अगर नदी जोड़ परियोजना पर काम शुरू हो, तो मुश्किल पैदा हो सकती है। मजबूरन भारत अपने हिस्से का बहुत सारा पानी पाकिस्तान की तरफ बह जाने देता है। इस लिहाज से भी जल समझौते में संशोधन की आवश्यकता है, ताकि नदी जोड़ परियोजना शुरू कर मैदानी भागों में पानी की उपलब्धता बढ़ाई जा सके। मगर जैसी कि पाकिस्तान की आदत है, वह किसी भी ऐसे समझौते में संशोधन को शायद ही आसानी से तैयार हो, जिससे भारत को लाभ मिलता हो। मगर नब्बे दिनों की नोटिस के बाद अगर उसकी तरफ से कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं आई, तो भारत का पलड़ा भारी होगा और वह अपने ढंग से कुछ फैसला करने की सोच सकता है।

# जोशीमठ में क्षतिग्रस्त भवनों का सर्वे पूंण

## भागीरथी और भिलंगना घाटी के 14 गांवों का दौरा करेगी जिला प्रशासन की संयुक्त विशेषज्ञ समिति

देहरादून। आपदा प्रभावित जोशीमठ में क्षति से संबंधित सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है। कैबिनेट द्वारा लिए गए निर्णय के क्रम में जोशीमठ के पुनर्निर्माण, उपचार, प्रभावितों के पुनर्वास समेत अन्य विषयों को लेकर केंद्र सरकार को राहत पैकेज का प्रस्ताव भेजा जाना है। यह दो हजार करोड़ रुपये से अधिक का रह सकता है। माना जा रहा है कि जोशीमठ को लेकर शासन स्तर पर गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति की बैठक में राहत पैकेज के प्रस्ताव को अंतिम रूप देकर शीघ्र ही इसे केंद्र को भेजा जाएगा। टिहरी झील से प्रभावित गांवों में जमीनों और मकानों में पड़ रही दरारों से हो रहे नुकसान का जायजा लेने के लिए संयुक्त विशेषज्ञ समिति सोमवार से तीन दिन तक भागीरथी और भिलंगना घाटी के 14 गांवों का दौरा करेगी। जोशीमठ में भूधंसाव के बाद अब जिला प्रशासन की संयुक्त विशेषज्ञ समिति से इन गांवों का दौरा कराने का निर्णय लिया है। समिति में भूविज्ञानी, पुनर्वास निदेशालय टिहरी, सिंचाई विभाग, टिहरी हाइड्रो डेवलपमेंट




कारपोरेशन (टीएचडीसी) और जिला प्रशासन के अधिकारी शामिल होंगे। टिहरी झील बनने के बाद वर्ष 2006 से झील के किनारे बसे इन गांवों में खेतों और मकानों में दरारें पड़ रही हैं। समय के साथ यह दरारें गहरी हो रही हैं। इससे कभी भी अनहोनी होने की आशंका है। ऐसे में ग्रामीण लगातार प्रशासन से ग्रामीणों के विस्थापन की मांग कर रहे हैं। जोशीमठ आपदा के बाद प्रशासन ने संयुक्त विशेषज्ञ समिति से इन गांवों का दौरा कराने का फैसला किया है। विशेषज्ञ समिति के सदस्य 30 जनवरी से एक फरवरी तक इन गांवों का दौरा करेंगे। पिछले काफी समय से इन गांवों में रहने वाले ग्रामीण विस्थापन की मांग कर रहे हैं। प्रशासन अभी तक इनका विस्थापन नहीं कर पाया है। टिहरी बांध झील प्रभावित ग्रामीण शांति प्रसाद भट्ट ने कहा कि टिहरी बांध की झील के कारण कई गांवों में बेहद खतरनाक हालात हैं। हम काफी समय से संयुक्त विशेषज्ञ समिति से निरीक्षण की मांग कर रहे थे। अगर टिहरी में जोशीमठ जैसे हालत रोकने हैं तो इन सभी गांवों का विस्थापन करना होगा। पुनर्वास खंड नई टिहरी के अधिशासी अभियंता डीएस नेगी ने बताया कि झील प्रभावित 14 गांवों में तीन दिन तक संयुक्त विशेषज्ञ समिति दौरा करेगी और दरारों से होने वाले नुकसान का आकलन करेगी। रिपोर्ट आने के बाद इसमें आगे की कार्रवाई होगी।

# रजिस्ट्रेशन रद्द होने पर भी प्रैक्टिस कर रहे थे फर्जी डॉक्टर

देहरादून। रायपुर क्षेत्र से गिरफ्तार हुए चारों फर्जी डॉक्टरों का एक शिकायत के बाद भारतीय चिकित्सा परिषद ने रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया था। इसके बावजूद चारों ने रायपुर क्षेत्र में प्रैक्टिस करते हुए लोगों की जान से खिलवाड़ जारी रखा। एसटीएफ की कार्रवाई के बाद भी चारों ने क्लीनिक बंद नहीं किए थे। आरोपी दो सगे भाइयों समेत चारों आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। फर्जी डॉक्टर मामले में जांच कर रही पुलिस ने शुक्रवार रात को रायपुर क्षेत्र से रोशन कुमार काला, अजय कुमार काला, मनोज सिंह नेगी और अनुराग नौटियाल नाम के फर्जी डॉक्टरों को गिरफ्तार किया था। एसपी क्राइम सर्वेश पंवार ने बताया कि चारों आरोपियों ने पुलिस को काफी जानकारी दी है। पूछताछ में बताया कि इनका संपर्क 2017 में इमलाख निवासी मुजफ्फर नगर से हुआ था। इमलाख ने चारों को बताया कि वह उनकी शैक्षिक योग्यता बढ़ा देगा। उसका मुजफ्फरनगर में कॉलेज है, जो राजीव गांधी हेल्थ साइंस विवि से संबद्ध है। इससे वह उन्हें बीएएमएस की डिग्री दिलवा देगा। इस डिग्री के माध्यम से वे किसी भी सरकारी नौकरी में भी अप्लाई कर सकते हैं। झांसे में आकर चारों ने 6.50 लाख रुपये देकर डिग्री हासिल कर ली। इसके बाद चारों आरोपी यहां क्लीनिक चलाने लगे। इनका इमलाख ने भारतीय चिकित्सा परिषद देहरादून में रजिस्ट्रेशन भी करा दिया। इसके बाद 2021 में इनकी शिकायत कर दी गई। इस पर भारतीय चिकित्सा परिषद ने इनका रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया। इसके बाद इन्होंने फिर इमलाख से बात की तो उसने इन्हें भरोसा दिया कि सब काम ठीक ठाक हुआ है चिंता करने की कोई बात नहीं है। इसके बाद चारों ने फिर से प्रैक्टिस शुरू कर दी। अब एसटीएफ ने जब कार्रवाई की तो इनकी डिग्रियां पूरी तरह से फर्जी पाई गईं। चारों के नाम सामने आने के बाद ये सभी अपने-अपने घरों से फरार हो गए थे। चारों आरोपियों ने बी फार्मा का कोर्स किया है। चारों पहले दवा की दुकान खोलना चाहते थे, लेकिन किसी ने इनका संपर्क इमलाख से करा दिया। इसके बाद इन्होंने बिना पढ़ाई किए डॉक्टर बनने का सोचा। किसी ने भी अपने घर में इस बात का कोई जिक्र नहीं किया। घरवालों ने पूछा तो उन्हें बता दिया कि वे सब कानूनी तौर पर सही कर रहे हैं। एसपी क्राइम सर्वेश पंवार ने बताया कि पुलिस डिग्री छापने वाली प्रिंटिंग प्रेस का भी पता लगा रही है। यह सर्टिफिकेट कहां छपवाए गए हैं, इसके बारे में जानकारी अभी नहीं मिल पाई है। इमलाख के कॉलेज में भी कोई प्रिंटिंग प्रेस नहीं है। इमलाख की तलाश की जा रही है। उसी से इस बात का पता चल सकता है। प्रिंटिंग प्रेस का पता चलने के बाद उसके संचालक के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# एलायंस कालोनी में विधायक ने किया सीसी रोड का लोकार्पण

रुद्रपुर(उद संवाददाताला)। एलाइंस कॉलोनी फेस 3 में विधायक निधि से स्वीकृत राजेश अरोरा के घर से प्रवीण के घर तक सीसी मार्ग का क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने लोकार्पण कर हैं, इसी क्रम में एलाइंस क्षेत्र जहां समाज के प्रतिष्ठित लोग निवास करते हैं और इस क्षेत्र की जरूरत को देखते हुए यह रोड का निर्माण करवाया। विधायक शिव अरोरा ने कहा उनका प्रयास है क्षेत्र में ायक शिव अरोरा ने कहा आने वाले समय मे जनहित से जुड़े अनेको कार्य धरातल पर आने वाले हैं जिनके लिये लगातार प्रयास चल रहा है । वही इस दौरान मण्डल अध्यक्ष धर्म सिंह कोली,





आम जन को मार्ग समर्पित किया। इससे पहले भी विधायक शिव अरोरा लगातार रुद्रपुर क्षेत्र को विकास की राह पर तेज गति से आगे ले जाते हुए कई छोटे बड़े मार्गो का शिलान्यास लोकार्पण कर चुके चूहमुखी विकास कार्य हो जिनका लाभ हमारे गरीब परिवारों को मिले और केंद्र एव राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक पहुँचे। विध राजकुमार मुंजाल, पार्षद सुनीता मुंजाल, चौधरी जयविन्दर सिंह, सरदार सिंह चावला, अनिल ईस्टपूजनी,राजेश अरोरा, राजकुमार चौधरी,राजेश डाबर, प्रीत ग्रोवर, सचिन मुंजाल व अन्य लोग मौजद रहे।


# 32 लाख गबन करने के मामले में लोनिवि का कनिष्ठ सहायक गिरफ्तार

देहरादून। पुलिस ने ठेकेदारों की 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि (कोटेशन मनी) करीब 32 लाख रुपये गबन करने के आरोप में लोक निर्माण विभाग के लैंसडौन कार्यालय में तैनात एक कनिष्ठ सहायक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने यह धनराशि अपने रिश्तेदारों व परिचितों के बैंक खातों में ट्रांसफर की थी। पुलिस ने सरकारी धनराशि का गबन और धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया था। कोतवाल लैंसडौन मणीभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि छह अगस्त 2022 को लोनिवि के प्रांतीय लोक अधिशासी अभियंता प्रेम सिंह बिष्ट ने कोतवाली में तहरीर दी थी जिसमें उन्होंने ठेकेदारों की 10 प्रतिशत धरोहर राशि के गबन होने की शिकायत की थी। तहरीर मिलने के बाद से ही पुलिस ने सरकारी धनराशि का गबन और धोखाधड़ी में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई थी।मामले की जांच के लिए सीओ ऑपरेशन विभव सैनी के मार्गदर्शन में पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने जांच में पाया कि लोनिवि लैंसडौन कार्यालय में तैनात कनिष्ठ सहायक आरोपी प्रमेंद्र सिंह ने देयक बाउचर्स की ऑनलाइन फीडिंग व डिपोजिट कार्य के दौरान पंजीकृत ठेकेदारों की 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि 31,75,096 रुपये अपने रिश्तेदारों व परिचितों के बैंक खातों में ट्रांसफर कर दी। गबन का मामला प्रकाश में आने के बाद आरोपी पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराएं और लगा दी गईं। कोतवाल ने बताया कि सीओ ऑपरेशन विभव सैनी ने बिना वारंट गिरफ्तारी का नोटिस जारी होते ही उन्होंने और एसएसआई रियाज अहमद ने 28 जनवरी की शाम को गांधी चौक टैक्सी स्टैंड से आरोपी प्रमेंद्र सिंह रावत निवासी पीडब्लूडी कालोनी लैंसडौन, मूल निवासी ग्राम निलारा पोस्ट चोरखाल, पट्टी कपोलस्यूं तहसील पौड़ी को गिरफ्तार किया है। उसे न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

# मलारी में टूटा ग्लेशियर, दहशत में लोग

देहरादून । चमोली जनपद के नीति घाटी के मलारी में हिमखंड टूटने की खबर सामने आई है। अभी तक हिमखंड के टूटने से नुकसान की कोई खबर सामने नहीं आई है। भारत-चीन सीमा पर हिमखंड टूटने की खबर के बाद आपदा प्रबंधन विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। सोमवार को मलारी नाले में ग्लेशियर टूटने से चारों ओर बर्फ का धुआं उठा। देखते- देखते यहां अफरातफरी मच गई है। मलारी गांव से पहले ही यह हिमखंड टूटा है। मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक रोहित थपलियाल ने मौसम के बदले मिजाज के चलते उत्तरकाशी, चमोली, पिथौरागढ़, बागेश्वर में कहीं-कहीं भारी बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई थी। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है।रविवार और सोमवार को बारिश और बर्फबारी के साथ ही कहीं-कहीं ओलावृष्टि की भी संभावना है। सरकार, शासन और आपदा आपदा प्रबंधन को सतर्क रहने की हिदायत दी गई थी





# बर्फबारी और बारिश से जनजीवन प्रभावित

देहरादून। राज्य में पश्चिमी विक्षोभ के एक बार फिर सक्रिय होने से राजधानी दून समेत पहाड़ तक मौसम का मिजाज बिगड़ गया। राजधामी ने जहां जमकर बादल बरसे, वहीं पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी भी हुई। इससे एक बार फिर लोग कड़ाके की ठंड से कांप उठे। बदरीनाथ धाम, हेमकुंड साहिब, फूलों की घाटी, रुद्रनाथ, नंदा घुंघटी, लाल माटी के साथ ही नीती और माणा घाटियों में देर रात से बर्फबारी हो रही है। निचले क्षेत्रों में अभी हल्की बारिश का सिलसिला जारी है। उधर बर्फबारी से गंगोत्री धाम में मंदिर में पूरा ढक चुका है। बर्फबारी के कारण यमुनोत्री हाईवे पर आवाजाही मुश्किल हो गई। बर्फ को हटाने के लिए जेसीबी जुटी हुई है। मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक रोहित थपलियाल ने बताया कि मौसम के बदले मिजाज के चलते उत्तरकाशी, चमोली, पिथौरागढ़, बागेश्वर में कहीं-कहीं भारी बारिश और बर्फबारी होगी। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं देहरादून, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल, चंपावत, उधमसिंह नगर और हरिद्वार जिलों में कहीं-कहीं तेज गर्जना के साथ ओलावृष्टि और बिजली गिरने की भी संभावना है। राजधानी दून में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और हल्की से मध्यम बारिश के साथ ही ओलावृष्टि की संभावना है। यहां अधिकतम तापमान 15 डिग्री और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री के आसपास रहेगा। ऐसे में लोगों को ठंड का सामना करना पड़ेगा। मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक बारिश और बर्फबारी के चलते पंतनगर में अधिकतम तापमान 17.7 डिग्री और न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री, मुक्तेश्वर में 17.2 डिग्री और 7.2 डिग्री दर्ज किया गया।

# सेब के बगीचे लगाओ 80 प्रतिशत तक सब्सिडी पाओ

देहरादून। प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में जिन किसानों के पास दो नाली जमीन है तो वे सेब बगीचे लगाकर आमदनी बढ़ा सकते हैं। सरकार की ओर से सेब बगीचे लगाने पर किसानों को 80 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जा रही है। इसके अलावा किसान उद्यान विभाग की ओर से पंजीकृत फर्म व नर्सरियों के अलावा हिमाचल से सेब की अच्छी गुणवत्ता के पौधे खरीदने के लिए स्वतंत्र होंगे। कृषि एवं उद्यान मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि शीतकाल में बड़े स्तर पर विभिन्न फल पौधों के रोपण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उद्यान विभाग की मिशन एप्पल योजना के बजट में बढ़ोतरी कर सेब बागानों की स्थापना के लिए किसानों को 80 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। इसके अलावा उद्यान विभाग, उद्योग विभाग व सहकारिता के सामंजस्य से सीएसआर निधि के तहत भी सेब के 500 बगीचों की स्थापना की जाएगी। उद्यान विभाग की सेब मिशन, मुख्यमंत्री कृषि विकास के तहत चमोली, रूद्रप्रयाग, पौड़ी, बागेश्वर, चंपावत जिले में कीवी उत्पादन को बढ़ावा दिया जाएगा। कृषि मंत्री ने बताया कि सेब बगीचे स्थापित करने के लिए विभाग की स्वीकृति के बाद किसान उच्च गुणवत्ता युक्त प्रजाति के पौधे पंजीकृत फर्मों व नर्सरियों से खरीदने के लिए स्वतंत्र है। इसके अलावा सेब बगीचा लगाने से पहले त्रिपक्षीय समझौता किया जाएगा। इसमें किसान, विभाग और पंजीकृत फर्मों के हस्ताक्षर होंगे। किसानों को फलदार पौधे बिक्री करने वाले फर्मों व नर्सरियों की ओर से तीन साल तक गारंटी दी जाएगी। यदि पौधों की गुणवत्ता घटिया पाई जाती है तो इस पर फर्म व नर्सरी संचालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# अंकिता के परिजनों की सहमति के बिना सरकारी अधिवक्ता नियुक्त किए जाने की निंदा

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड कांग्रेस के उपाध्यक्ष और वरिष्ठ प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने अंकिता भंडारी कांड में राज्य सरकार द्वारा बिना अंकिता के परिजनों की सहमति के विशेष लोक अभियोजक को अधिवक्ता नियुक्त किए जाने की कड़ी निंदा की है। धीरेंद्र प्रताप ने इसे सरकार की ओर से एक बार फिर से अंकिता भंडारी कांड के दोषियों को बचाने का नापाक प्रयास बताते हुए कहा कि इससे एक बार फिर से यह सिद्ध हो गया है की सरकार इस मामले को दबाना चाहती है और किसी नानी ग्रामी क्रिमिनल अधिवक्ता की जगह लोक अभियोजक की नियुक्ति कर इस मामले में अपराधियों की जीत सुनिश्चित करना चाहती है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता को अपराधियों की ओर से पैरवी के लिए नियुक्त कर दिया था जिसका अंकिता के परिजनों और कांग्रेस ने विरोध किया था जिसके बाद उनकी नियुक्ति रद्द कर दी गई थी ।धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि इस मामले में हाईकोर्ट ने पहले ही क्रिमिनल अधिवक्ता की नियुक्ति की अनुशंसा की है परंतु सरकार अपनी मनमानी करने पर लगी है। उन्होंने कहा कि इस मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट से मुकदमा जारी करने की भी हाईकोर्ट द्वारा राय दी गई है परंतु सरकार ने इस मामले में भी कोई कार्यवाही नहीं की है। धीरेंद्र प्रताप ने चेतावनी दी यदि सरकार ने इस पर तत्काल कार्रवाई नहीं की और अंकिता भंडारी कांड में पैरवी हेतु किसी जाने-माने क्रिमिनल अधिवक्ता की नियुक्ति नहीं की तो वे इसके विरुद्ध मुख्यमंत्री आवास पर सत्याग्रह करेंगे।

# शहीद देव बहादुर के परिजनों ने सरकार का जताया आभार

किच्छा(उद संवाददाता)। शहीद देव बहादुर के परिजनों को राज्य सरकार द्वारा आर्थिक मदद एवं सरकारी नौकरी प्रदान करने पर शहीद के परिजनों ने सरकार का आभार व्यक्त किया है।शहीद के परिजनों ने पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के स्थानीय कार्यालय में पहुंच कर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला एवं राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए बुके भेंट की। इस अवसर पर शहीद के पिता शेर सिंह बहादुर ने कहा की पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने उनके परिवार को राज्य स्तर से मदद के लिए बहुत



मदद की है जिसके लिए हम उनके आभारी हैं।पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि शाहिद का सम्मान पूरा देश करता है। शाहिद देव बहादुर थापा ने देश के लिए अपने जीवन का बलिदान किया जिसका ऋण हम नही चुका सकते। हम उनका स्मरण करने के लिए उनके सम्मान मे स्मारक बना सकते हैं और वे हमारे दिलों हमें मोजूद रहे इसी परिपेक्ष मै शाहिद की बहन गीता को बाबू के पद पर राज्य सरकार ने नोकरी प्रदान की है साथ ही शाहिद की याद मै शाहिद देव बहादुर द्वारा बनाया गया है यही नहीं कनक पर स्थित इंटर कॉलेज का नाम भी शहीद के नाम रखने का प्रस्ताव भी राज्य सरकार को भेजा गया है इस अवसर पर शहीद की माता लक्ष्मी,पिता शेर बहादुर, मनमोहन सक्सैना,उर्मिला,प्रेम जसवाल, अभिषेक तिवारी आदि लोग उपस्थित थे।

# व्यापारियों का अहित नहीं होने देगा नगर व्यापार मंडल

बागेश्वर(उद संवाददाता)। नगर व्यापार मंडलव्यापारियो के हितों के लिए एकजुट होकर व्यापारियों के हितों के लिए कार्य करेगा। इकाई की बागनाथ मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की गई। इसमें लंबित मांगों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि संगठन व्यापारी हित में लगातार काम कर रहा है और आगे भी करता रहेगा।संगठित होकर व्यापारियो के



हितों के लिए कार्य करने का निर्णय लिया गया। वही व्यापार मंडल द्वारा विभिन्न समितियों का गठन कर सभी व्यापारियो को विभिन्न इकाइयों की जिम्मेदारी देने की बात कही। सभी व्यापारियो को एकजुट करने के लिए व्हॉट्सएप्प ग्रुप बनाया गया है। वही पूर्व में पालिका द्वारायूजर चार्ज बढ़ाए जाने और बढ़ाए गए यूजर चार्ज को बिना सुविधा के नही देने पर सहमति बनी। मेले के दौरान झूला पुल बंद किए जाने पर व्यापारियों ने नाराजगी जताई।अब पुल को खोल दिया गया है। व्यापारियों ने संगठन की मजबूती पर बल दिया। इस मौके पर अध्यक्ष कवि जोशी,जिला महामंत्री अनिल कार्की, सचिव पुष्कर किरमोलिया, उपाध्यक्ष इंदू चौधरी, हेम जोशी, सूरज जोशी, राहुल साह, महिपाल भरड़ा, अनिल कार्की, किशन सोनी सजंय किशोर वर्मा आदि मौजूद रहे।

# पूर्व ग्राम प्रधान कांतिबल्लभ बड़सीला के निधन पर जताया शोक

गरुड़(उद संवाददाता)। ग्राम पंचायत मटेना के पूर्व ग्राम प्रधान कांतिबल्लभ बड़सीला का निधन हो गया है। वे 87 वर्ष के थे। वे कुछ समय से बीमार चल रहे थे। मुंबई स्थित अपने आवास में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन पर कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास, पूर्व राज्यमंत्री गोपाल दत्त भट्ट, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट, पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, ब्लाक प्रमुख हेमा बिष्ट, महामंत्री घनश्याम जोशी, जिपंस जनार्दन लोहुमी, सुनीता आर्या, एडवोकेट जेसी आर्या, ग्राम प्रधान रविशंकर बिष्ट, उप प्रधान नीमा बड़सीला, क्षेपंस भोला दत्त तिवारी, पूर्व प्रधान चंद्रशेखर जोशी, रणजीत राम, शकुंतला कांडपाल, उमेश जोशी, वरिस्ठ पत्रकार चंद्रशेखर बड़सीला, जीवन चंद्र दुबे, डॉ हेम चंद्र दुबे, हेम चंद्र पांडे, ख्याली दत्त जोशी, नारायण दत्त खोलिया, दयाकृष्ण बड़सीला, नंदाबल्लभ बड़सीला, गिरीश भट्ट, चंद्र दत्त मिश्रा, दिनेश जोशी, प्रकाश बड़सीला, कैलाश बड़सीला, संजय बड़सीला, गिरीश बड़सीला, हेम बड़सीला, गोविंद बड़सीला, कमल बड़सीला, डीके जोशी, मोहन जोशी, रमेश बड़सीला आदि ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

# कांग्रेस की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक 4 फरवरी को

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। कांग्रेस की हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के लोकसभा प्रभारी नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य एवं प्रकाश जोशी आगामी 4 फरवरी को रूद्रपुर में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक लेंगे। बैठक जिले के प्रभारी संजीव आर्य भी मौजूद रहेंगे। बैठक जानकारी देते हुए कार्यकारी जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रकाश जोशी को पार्टी ने हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के लिए लोकसभा का प्रभारी बनाया है। दोनों आगामी 4 फरवरी को कांग्रेस जिला कार्यालय, गावा राईस मिल रूद्रपुर में प्रातः 11 बजे 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक लेंगे। बैठक में जिले के प्रभारी संजीव आर्य भी मौजूद रहेंगे। इस बैठक में पार्टी के पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद, विधायक, पूर्व विधायक विधायक प्रत्याशी, पीसीसी सदस्य, हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के संयोजक, जिला एवं महानगर पर्यवेक्षक, ब्लाक अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, कांग्रेस के समस्त अनुषांगिक संगठनों के पदाधिकारी गण, ब्लाक प्रमुख, पूर्व ब्लाक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मौजूद रहेंगे। बैठक में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 'हाथ से हाथ जोड़ो अभियान' की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की जायेगी। श्री गावा ने कार्यकर्ताओं से बैठक में समय से पहुंचने की अपील की है।

# पुण्य तिथि पर गांधी जी को याद किया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कर परामर्शदाता नरेश कुमार सेठ के कार्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को उनके बलिदान दिवस पर याद किया गया और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। इस अवसर पर व्यापार मण्डल के सरपरस्त जगदीश छाबड़ा ने कहा कि गांधी जी सत्य और अहिंसा के पुजारी थे। वे सभी धर्मों का समान आदर करते थे। गांधी जी ने जाति पांति, रंग छुआछूत का घोर विरोध किया और राजनीति में नैतिकता को स्थान दिया। इस अवसर पर मनोहर लाल मिगलानी, नरेश कुमार सेठ, सुरेश मदान, राजीव गगनेजा,ईशान सेठ, मान सिंह ग्रोव, बॉबी टुटेजा, राजकुमार सीकरी, अशोक चोपड़ा आदि मौजूद थे।

## पेज एक का शेष...

**बर्फबारी के बीच भारत जोड़ा ..**लिए, इसकी विविधता के लिए एक जुनून है जो सभी भारतीयों के दिलों में बसता है। प्रियंका ने कहा कि जब मेरा भाई कश्मीर आ रहा था, तो उसने मेरी मां और मुझे एक संदेश भेजा। कांग्रेस नेता ने बताया कि राहुल कश्मीर को अपने घर की तरह मानते हैं और इसलिए ही राहुल ने कहा था कि मेरे परिवार के लोग मेरा इंतजार कर रहे हैं। पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती राहुल की इस यात्रा के समापन कार्यक्रम में आज भी शामिल हुईं। उन्होंने बारिश के बीच लोगों को संबोधित किया और राहुल गांधी की खूब प्रशंसा की। मुफ्ती ने कहा कि राहुल ने यात्रा में कहा था कि वे कश्मीर में अपने घर आ गए हो ऐसा लगता है, लेकिन यह उनका घर ही है। पीडीपी नेता ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि गोडसे की विचारधारा ने जम्मू-कश्मीर से जो छीन लिया, वह इस देश से वापस मिल जाएगा और राहुल गांधी में देश आशा की किरण देख रही है।

**पुण्यतिथि पर राष्ट्रपिता..**. अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा , पूर्व दर्जा राज्यमंत्री हरीश बावरा, वरिष्ठ नेता गोपाल भसीन, साजिद खान , युवा कांग्रेस के अध्यक्ष राजेंद्र निषाद, रंजीत राणा, अर्जुन विश्वास, राजीव कामरा, सुनील आर्य, बाबू खान, विजय अरोरा, अजय यादव, संजय गुप्ता, उमर खान, राजीव यादव, उमर अली, लकी रजा, अनिल शर्मा, भूपेश सोनी, बाबू विश्वकर्मा, शंकर कोली, राजू कोली, फरमान सिद्दीकी आदि कार्यकर्ता थे। **किच्छा**- विधायक तिलक राज बेहड के कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने उनके चित्र में पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली वा नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि महात्मा गांधी के देश के प्रति बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन देश के लिए अर्पित कर दिया तथा उन्होंने देश को अहिंसा का मार्ग बताया। उन्होंने असहयोग आंदोलन, दांडी यात्रा तथा भारत छोड़ो आंदोलन चलाए, उनके प्रयासों का हमें स्वतंत्रता दिलाने में बहुत बड़ा योगदान है, सभी ने उन्हें याद किया और उनके पदचिन्हों पर चलने का प्रण लिया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, कांग्रेस नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, सुनीता कश्यप, ओमप्रकाश दुआ, अशोक मित्रा, अक्षय बाबा, धर्मेंद्र सिंधी, तस्लीम रजा, नितिन शर्मा, राजू कश्यप,बाबू कोली, विक्की खान,अर्जुन कोली आदि लोग उपस्थित रहे।

**मुझे मर जाना कबूल...**उपेंद्र कुशवाहा लगातार उन पर निशाना साध रहे हैं। उपेंद्र कुशवाहा ने दावा किया था, जदयू के बड़े नेता बीजेपी के संपर्क में हैं। इससे पहले जब उपेंद्र कुशवाहा एम्स में भर्ती हुए थे, तब उनकी फोटो भी कुछ बीजेपी नेताओं के साथ सामने आई थी। इसके बाद कुशवाहा के बीजेपी में शामिल होने के कयास लगाए जाने लगे थे। हालांकि, कुशवाहा ने कहा कि वे जदयू को छोड़कर कहीं नहीं जाने वाले। इससे पहले बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने कहा था कि अब बीजेपी किसी भी कीमत पर नीतीश कुमार के साथ समझौता नहीं करेगी। सुशील कुमार मोदी ने कहा कि प्रदेश कार्यसमिति में बिहार प्रभारी विनोद तावड़े भी स्पष्ट कर चुके हैं कि नीतीश कुमार किसी भी गठबंधन के लिए अब बोझ बन चुके हैं। नीतीश में वोट ट्रांसफर कराने की क्षमता खत्म हो चुकी है। 2020 में अगर पीएम मोदी ने बिहार में प्रचार नहीं किया होता तो जेडीयू 15 सीट नहीं जीत पाती। उन्होंने कहा कि नीतीश के चले जाने से बीजेपी खुश है।




**शोरूम कर्मी जबरन..**कार संख्या यूके 06 एयू 4200 की चाबिया उठा ली तथा नजर बचाकर कार में सवार होकर कार को लेकर भागने लगा। जब उसे रोकने की कोशिश की तो उसने बेकाबू व अनियंत्रित रूप से कार को लेकर दौड़ा दिया। विवेक उसे गिरा देने की नीयत से कार को लहराते हुए एफसीआई गोदाम की तरफ भागा और खेड़ा की तरफ जा रही चार लड़कियों को पीछे से टक्कर मार दी जिसमें सभी लड़कियों को चोटें आयी। घटना के संबन्ध उसने रोडवेज बस स्टेशन पर तैनात पुलिस कर्मियो को सूचित कर कार के संबन्ध में वायरलेस पर सूचना प्रसारित करवायी गयी थी। थाना चौकी में उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की जा रही है । एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं ।

**विधायकबेहड़...**बोलते हुए कहा कि अगर वर्तमान विधायक विकास के लिए प्रयासरत है तो आपत्ति हटाएं। उन्होंने बताया कि पंत द्वार से लेकर बांडिया तक एक किलोमीटर नहर कवरिंग की धनराशि आ गई थी । जो संबंधित भिभाग को जारी भी कर दी गई थी। गौरतलब है की सिसई से लेकर पंत पूरा तक नहर की कवरिंग कर शहर को एक सिरे से दूसरे सिरे तक जोड़ने का प्रस्ताव भेजा गया था ।जो अब पूर्व एवं वर्तमान विधायक की जंग में उलझ गया है।

**जुआ खेलते...**लोगों के खिलाफ भी पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है। फरार आरोपी रामनारायम पुत्र तुलाराम निवासी ग्राम बरा ,बब्लू पुत्र नामालूम निवासी ग्राम नौली थाना पुलभट्टा और जमुना प्रसाद पुत्र रोशनलाल निवासी ग्राम सतुइया की तलाश की जा रही है।

भरा पड़ा इतिहास हमारा वीरों के बलिदानों से।
वीर सपूतों की गाथा गाता सारा भारत है।
देख कर इनका शौर्य दुश्मन भी कप कप कपकपता है
छोड़कर जब अपना घर आंगन
करते रक्षा हमारी आतंकी शैतानों से।
भरा पड़ा इतिहास हमारे वीरों के बलिदानों से।
मिलती है वर्दी जिनको वह किस्मत वाले होते हैं।
उनके होने से हम चौन से सोते हैं।
अपने घर आंगन से ना जाने कितनी दूर ।
सपनों का संसार बस आते हैं।
जाने कितने सिंदूरी सपने अपने हृदय में ही दफनाते हैं।
त्याग तो उनका देखो बचपन बिताते महलों में।
मां की गोद में सर रखकर सोने वाले।
आज सरहद पर सीना तान खड़े हैं।
आज वह खुद जागते हैं और चौन से हमें सुलाते हैं।
खड़े रहते हैं चट्टानों से।
देशभक्ति क्या होती है तुम पूछो जरा जवानों से।
बचपन का प्यार दुलार
भुला कर पतझड़ में आशियां बनाते हैं।
देखकर उनका समर्पण
भारत भूमि भी थरथर आई।
शीश झुका नहीं भले ही अपने प्राण गवाएं हैं।
भरा पड़ा इतिहास हमारा वीरों के बलिदानों से।
धूल चटाई बैरी को जब उसने आंख उठाई है।
भारत की सेना के रूप में मृत्यु
उसकी आई है।
मार भगाया दुश्मन को सरेआम
मैदानों से।
भरा पड़ा इतिहास हमारा वीरों के
बलिदानों से। वीर सपूतों की
गाथा गाता सारा भारत है।



–शालिनी शर्मा

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.:UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# सड़क मार्गों के निर्माण कार्यों में नवीनतम तकनीक का प्रयोग करें: सतपाल महाराज

## चारधाम यात्रा तैयारियों को लेकर लोनिवि की समीक्षा बैठक आयोजित

देहरादून। चारधाम यात्रा को देखते हुए लोक निर्माण विभाग के सभी अधिकारियों और जिलाधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जहां-जहां भी सड़क धंस रही है और भूस्खलन की शिकायत मिल रही है उसकी रोकथाम के साथ-साथ पल-पल की रिपोर्ट सरकार को दी जाए। उक्त बात प्रदेश के लोक निर्माण,पंचायती राज, ग्रामीण निर्माण, पर्यटन, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री श्री सतपाल जी महाराज ने शनिवार को लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ यमुना कॉलोनी स्थित प्रमुख अभियंता कार्यालय में हुई समीक्षा बैठक के दौरान कही। उन्होने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और वर्चुअल जुड़े जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि चारधाम यात्रा सुचारू एवं निर्बाध रूप से प्रारंभ होने से पूर्व समय से सभी तैयारियां कर ली जाएं। समीक्षा बैठक के दौरान लोक निर्माण मंत्री श्री सतपाल जी महाराज ने अधिकारियों को पर्वतीय



जनपदों में सड़कों के अवरुद्ध होने तथा उनके बेहतर रखरखाव के लिए बेलदारओं की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि उनकी तत्काल नियुक्ति की जाए और विभाग में रिक्त चल रहे पदों को तत्काल भरा जाए। श्री महाराज जी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त मार्ग और पुलों के पुनर्निर्माण का कार्य शीघ्रता से किया जाना चाहिए। बैठक में जोशीमठ मैं हुए भू-धसाव, मारवाडी और हेलंग बाईपास के विषय में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि चार धाम यात्रा पर जितने भी बाईपास है उन्हें भी पूरी तरीके से दुरुस्त कर लिया जाए। लोनिवि मंत्री श्री महाराज जी ने मार्गों के नवनिर्माण में विस्फोटक इत्यादि का प्रयोग न करते हुए नवीनतम तकनीक का प्रयोग करने की भी अधिकारियों को सलाह दी। उन्होने पीएमजीएसवाई से लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरित मार्गों के अनुरक्षण के लिए तत्काल धनराशि आवंटित कर प्राथमिकता के आधार पर अनुरक्षण कार्य किये जाने के भी आदेश दिए। श्री महाराज जी ने मार्गों को गढ्ढामुक्त बनाये जाने एवं त्वरित गति से अनुरक्षण कार्य किये जाने हेतु गुजरात राज्य की तर्ज पर मोबाइल एप बनाये जाने की सम्भावनायें तलाशे जाने हेतु भी सलाह दी गयी। बैठक में लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, अपर सचिव विनीत कुमार, प्रमुख अभियंता अयाज अहमद, मुख्य अभियन्ताओं, अधिशासी अभियन्ताओं सहित अपर सचिव, आपदा एवं समस्त जनपदों के जिलाधिकारी, विभागीय अधिकारियों द्वारा वर्चुयल माध्यम से प्रतिभाग किया गया।

# चारधाम यात्रा में इंटेलीजेंट ट्रैफिक मानीटरिंग सिस्टम से होगी निगरानी

देहरादून। परिवहन विभाग इस वर्ष चारधाम यात्रा में इंटेलीजेंट ट्रैफिक मानीटरिंग सिस्टम लागू करने जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रदेश के प्रवेश स्थलों के साथ ही चारधाम यात्रा मार्ग पर आटोमेटिक नंबर प्लेट रिकगनिशन (एएनपीआर) कैमरे लगाए जाएंगे। इसके लिए टेंडर तक हो चुके हैं। यात्रा से पहले ये कैमरे लग जाएंगे। इन कैमरों को परिवहन विभाग मुख्यालय में बनाए गए कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा, जहां से इन पर नजर रखी जाएगी। इसका लिंक अधिकारियों को दिया जाएगा, जिससे वे भी किसी भी मार्ग पर यातायात की स्थिति पर नजर रख सकें। प्रदेश सरकार ने चाधाम यात्रा की तैयारी शुरू कर दी है। चारधाम यात्रा मार्ग पर यात्रियों की संख्या सीमित की जा रही है तो वहीं वाहनों के ग्रीन कार्ड व ट्रिप कार्ड बनाने के लिए मोबाइल एप बनाने पर भी काम चल रहा है। राज्य के बाहर से चारधाम यात्रा पर आने वाले निजी व व्यावसायिक वाहन बिना पंजीकरण कराए यात्रा पर न जाएं, इसके लिए परिवहन विभाग राज्य में आने वाले वाहनों पर इंटेलीजेंट ट्रैफिक मानीटरिंग सिस्टम लागू कर रहा है। यह सिस्टम पूरी तरह तकनीक आधारित होगा। इसमें प्रमुख भूमिका एएनपीआर कैमरों की रहेगी। ये कैमरे वाहनों की नंबर प्लेट को स्कैन कर जानकारी देंगे कि इस नंबर के वाहन का टैक्स जमा है या नहीं। साथ ही बताएंगे कि इस वाहन का ग्रीन कार्ड बना है या नहीं। नंबर प्लेट से यह भी पता चलेगा कि संबंधित वाहन चारधाम यात्रा के लिए पंजीकृत है अथवा नहीं। साथ ही इसके टैक्स जमा न होने के संबंध में जानकारी भी मिल सकेगी। ये कैमरे प्रवेश द्वार के साथ ही यात्रा मार्ग के प्रमुख स्थानों पर लगाए जाएंगे। इससे यह भी पता चल सकेगा कि कौन सा वाहन किस धाम की यात्रा कर चुका है। वहीं, आपात स्थिति में वाहन के संबंध में पूरी जानकारी भी विभाग के पास रहेगी। वाहनों के अवैध संचालन पर अंकुश लगाने में भी इनका उपयोग किया जा सकेगा। कैमरे वाले क्षेत्रों में यातायात की स्थिति पर भी नजर रखी जा सकेगी। संयुक्त आयुक्त परिवहन एसके सिंह ने कहा कि कैमरे लगाने की तैयारी चल रही है। यात्रा से पहले ये कैमरे लगाया दिए जाएंगे।

# सभी विश्वविद्यालयों में लागू होगा समान शैक्षिक कैलेंडर

देहरादून। प्रदेश के सभी राजकीय विश्वविद्यालयों में एक जैसा शैक्षणिक कैलेंडर लागू किया जाएगा। इसके अंतर्गत विश्वविद्यालय व महाविद्यालयों में छात्रों के लिए प्रवेश प्रक्रिया, परीक्षा, परिणाम व दीक्षा समारोह में एकरूपता लाई जाएगी। इसके साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिए सभी शिक्षण संस्थानों को नैक मूल्यांकन कराना अनिवार्य होगा। इसके लिए कार्यशालाओं के माध्यम से प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी। रविवार को उच्च शिक्षा मंत्री डा धन सिंह रावत ने सचिवालय में उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा की। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति आपस में समन्वय कर दो सप्ताह में शैक्षणिक कैलेंडर का ड्राफ्ट तैयार करेंगे, जिसे अगली बैठक में अंतिम रूप देते हुए स्वीकृति के लिए शासन को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि अक्सर देखने में आया है कि विश्वविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया से लेकर परीक्षा के आयोजन का कार्य महीनों तक चलता है, जिससे छात्र-छात्राओं की समय पर परीक्षाएं नहीं हो पाती तथा परिणाम घोषित करने में देरी होती है। इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए पूरे प्रदेश में समान शैक्षणिक कलैंडर को लागू कर एकरूपता लाना आवश्यक हो गया है। उन्होंने कहा कि सभी विश्वविद्यालयों को अपने संबद्ध महाविद्यालयों में



अनिवार्य रूप से 180 दिवस कक्षाएं संचालित करनी होंगी। छात्र-छात्राओं को पुस्तकालयों में बैठकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित करना होगा तथा परीक्षा में बैठने के लिए पूर्व से निर्धारित 75 प्रतिशत उपस्थिति को अनिवार्य रूप से लागू कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा को गुणवत्ता एवं रोजगारपरक बनाने के लिए सभी महाविद्यालयों का नैक मूल्यांकन करना आवश्यक है। इसके लिए प्रदेश भर में कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी विश्वविद्यालयों में दीक्षा समारोह की वेशभूषा व दीक्षा शपथ एक समान होगी। एक जैसी दीक्षा शपथ के लिए संस्कृत महाविद्यालय के कुलपति प्रो देवेंद्र शास्त्री की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है, जो शपथ का ड्राफ्ट व वेशभूषा तय कर शासन को अवगत कराएगी। सचिव उच्च शिक्षा शैलेश बगोली ने कहा कि नए शैक्षिक सत्र से सभी विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं को प्रवेश समर्थ पोर्टल से अनिवार्य रूप से किए जाएंगे। आकादमिक गतिविधियों के साथ ही शोध कार्यों एवं कौशल विकास संबंधी पाठ्यक्रमों को वरीयता दी जाएगी। बैठक में सचिव संस्कृत शिक्षा चंद्रेश यादव, निदेशक उच्च शिक्षा प्रो जगदीश प्रसाद, सलाहकार रूसा प्रो एमएसएम रावत समेत राजकीय विश्वविद्यालयों के कुलपति, कुलसचिव व परीक्षा नियंत्रक समेत विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

